इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 35 राजनांदगांव, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 12 जिंदा जले : ट्रक की टक्कर से आग लगी, 200 फीट ऊंची लपटें उठीं

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह एक गैस टैंकर में आग लगने के बाद उसके फैल जाने से 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गये। अजमेर रोड स्थित भांकरोटा के पास एक पेट्रोल पंप के समीप एक एलपीजी गैस से भरे टैंकर से अन्य वाहन के टकराने के बाद आग लग गई। इस दौरान आस पास के कई वाहन भी आग की चपेट में आ गये। मौके पर अफरातफरी मच गई और क्षेत्र में दहशत फैल गई।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हादसे में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा झुलसे लोगों को इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में लाया गया जहां पांच और ने और दम तोड़ दिया। इसी तरह एक घायल ने जयपुरिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के गंभीर रुप से झुलसे एवं अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती करीब एक दर्जन लोग 50 प्रतिशत से अधिक झुलसे हुए हैं और वे गंभीर रुप से घायल है। हादसे के मृतकों में अभी छह की पहचान नहीं हो पाई हैं जबकि शेष छह मृतकों में राजस्थान में राजपुरा के हरलाल (34), मकराना निवासी महेन्द्र (27), उदयपुर के शाहीद और उत्तरप्रदेश में रायबरेली के शहाबुद्दीन (34) शामिल हैं । इनके अलावा राधेश्याम एवं



अनीता मीणा भी मृतकों में शामिल हैं लेकिन अभी उनके निवास स्थान का पता नहीं चल पाया है।

### मृतकों के परिवार को पांच लाख रु. एवं घायलों को एक-एक लाख रुपये की राशि

हादसे का पता चलते ही संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सबसे पहले एसएमएस अस्पताल पहुंचे और घायलों की कुशलक्षेम पूछी और उनके बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने घायलों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उन्होंने पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री शर्मा ने मीडिया से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा दुख प्रकट किया और ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए की सहायता देने एवं घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। हादसे पर राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा राज्य के कई मंत्रियों एवं विधायकों सहित अन्य कई नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया।

## दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच करेगी संसद धक्का मुक्की कांड की जांच, 6 धाराओं में एफआईआर दर्ज



नई दिल्ली। संसद परिसर में गुरुवार को हुए हंगामे और धक्कामुक्की कांड को लेकर बीजेपी और कांग्रेस की शिकायत की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। बीजेपी की शिकायत में लोकसभा नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बीजेपी का आरोप है कि राहुल गांधी ने बीजेपी सांसदों को धक्का दिया और 2 सांसद जख्मी हो गए। वहीं, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीजेपी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष को धक्का दिया। कांग्रेस के सांसदों पर हमला किया गया। अब मामला पुलिस थाने तक पहुंच चुका हैं। दोनों तरफ से एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज

संसद परिसर में धक्का मुक्की कांड को लेकर दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है। भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ हत्या की कोशिश से लेकर भारतीय न्याय संहिता की 6 अन्य गंभीर धाराओं में शिकायत दी थी। भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का कृत्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत गुरुवार को संसद मार्ग थाने में मामला दर्ज किया गया था। भाजपा की ओर से शिकायत दर्ज कराए जाने के कुछ घंटों बाद ही राहुल गांधी पर मामला दर्ज किया गया था।

### पूछताछ के लिए राहुल को बुला सकती है पुलिस

संसद परिसर में हाथापाई के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मामला दर्ज होने के बाद पुलिस दो घायल सांसदों के बयान दर्ज कर सकती है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को पूछताछ के लिए भी बुला सकती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जरूरत पड़ी तो दिल्ली पुलिस संसद सचिवालय को पत्र लिखकर घटना वाले एरिया के सीसीटीवी फुटेज की मांग कर सकती है। मामले को स्थानीय पुलिस से क्राइम ब्रांच को सौंपने पर भी विचार किया जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छग विधानसभा के रजत जयंती वर्ष पर तीन प्रकाशित पुस्तकों का हुआ विमोचन



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने किया विमोचन

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित तीन किताबों का आज विमोचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा परिसर स्थित अध्यक्ष के कक्ष में षष्ठ्म विधानसभा के सदस्यों की परिचयात्मक जानकारियों पर केन्द्रित प्रकाशन 'सदस्य परिचय षष्ठ्म विधानसभा', 'छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय' एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अध्यक्षीय कार्यकाल के ''प्रथम वर्ष'' का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधानसभा धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायकगण एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। 'सदस्य परिचय षष्ठ्म विधानसभा' पुस्तक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रत्येक सदस्य के जीवन परिचय के अंत में उनके निर्वाचन के परिणाम का विवरण निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर सम्मिलित किया गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की संसदीय कार्यप्रणाली का जन-जन तक प्रसार हो और विधानसभा में जनप्रतिनिधियों की भूमिका एवं संपादित होने वाले कार्यों से जनता को अवगत कराने हेतु 'छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय' (संक्षेप में) का प्रकाशन किया गया है। पुस्तक के अंत में सदस्यों के संबंध में विभिन्न विश्लेषणात्मक विवरण भी दिये गये हैं।

इस अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 14 दिसम्बर से विधानसभा की स्थापना दिवस का रजत जयंती वर्ष आरंभ हो गया है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उच्च मानकों को स्पर्श किया है। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि है कि षष्ठ्म विधानसभा के शेष कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधानसभा का वर्तमान सदन संसदीय नवाचारों को आत्मसात करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के अपने गुरुत्तर संसदीय दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने में सफल होगा।




## आईपीएस जीपी सिंह ने दी ज्वाइनिंग : लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार हुई वापसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईपीएस जीपी सिंह ने शुक्रवार को ज्वाइनिंग दे दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के बाद राज्य के गृह मंत्रालय से भी उनकी बहाली का आदेश जारी होने के एक दिन बाद श्री सिंह ने ज्वाइनिंग कर ली है।

उल्लेखनीय है कि, 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अफसर गुरजिंदर पाल सिंह को छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान एक्सटॉर्शन, आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था। इन मामलों के बाद ढ्ढक्कस् जीपी सिंह को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को भेजा था। इस प्रस्ताव के बाद केंद्र ने उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी। इसके बाद जीपी सिंह ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और फिर से वापसी कर ली है।

### सुको ने खारिज की केंद्र की याचिका

श्री सिंह शुक्रवार 13 दिसंबर को राजधानी पहुंचे। केंद्र सरकार द्वारा बहाल किए जाने का आदेश जारी होने के बाद यहां उनके घर में



उत्सव मनाया गया। श्री सिंह छत्तीसगढ़ हीं नहीं बल्कि देश के पहले आईपीएस हैं जो काफी संघर्ष और कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद वापस सेवा में लौटे हैं। उल्लेखनीय है कि, केंद्र सरकार की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाने के बाद श्री सिंह की बहाली का आदेश केंद्र ने जारी किया। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को रद्द करने के खिलाफ भारत संघ की चुनौती को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को केंद्र की चुनौती पर यह आदेश पारित किया, जिसमें सिंह की अनिवार्य सेवानिवृत्ति को रद्द करने के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के फैसले को बरकरार रखा गया था।

### आय से अधिक संपति और राजद्रोह के मामले में हुई थी गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि, आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह के आरोप में उनकी गिरफ्तारी की गई थी। एक जुलाई वर्ष 2021 में एसीबी की टीम ने उनके पुलिस लाइन स्थित सरकारी बंगले के अलावा राजनांदगांव और ओडिशा सहित 15 अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी। जिसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील दस्तावेज पाए गए थे। छापे से मिली संपत्ति के आधार पर एसीबी ने एक तरफ जीपी सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज किया था। वहीं दूसरी ओर सरकार ने 5 जुलाई को उन्हें सस्पेंड कर 8 जुलाई की रात को उनके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा में अंबेडकर पर शाह की टिप्पणी को लेकर मचा बवाल, हंगामे के भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र का आखिरी दिन



नई दिल्ली। संसद का एक और शीतकालीन सत्र हर बार की तरह शोरशराबे और हंगामे की भेंट चढ़ गया. लोकसभा और राज्यसभा में हुई बैठक का ज्यादा समय पक्ष-विपक्ष के आरोप प्रत्यारोप में गुजरा. वहीं, आखिरी कुछ दिनों में सत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी पर मचे बवाल की भेंट चढ़ गया. शुक्रवार, 20 दिसंबर को संसद का 26 दिनों का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया, सत्र की शुरुआत 25 नवंबर से हुई थी. इस दौरान दोनों सदनों में 20 बैठकें हुईं, जो 62 घंटे तक चलीं. इस दौरान लोकसभा में पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए. साथ ही शून्य काल के बीच अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले दोनों सदनों में उठाए गए.

### सबसे कम प्रोडक्टिविटी

लोकसभा का 2024 का शीतकालीन सत्र अब तक के सबसे कम उत्पादक सत्रों में से एक रहा. लोकसभा की उत्पादकता केवल 57 प्रतिशत और राज्यसभा की 43 प्रतिशत रही. सत्र में संविधान पर चार दिन चर्चा हुई, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा में उठा कानून-व्यवस्था का मुद्दा, विपक्ष ने की चर्चा की मांग, अग्राह होते ही कांग्रेस विधायक पहुंचे गर्भ गृह, नारेबाजी करने पर आसंदी ने सदस्यों को किया निलंबित




रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को शून्यकाल में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष स्थगन लाते हुए चर्चा की मांग की. आसंदी के अग्राह्य करते ही कांग्रेस विधायक गर्भ गृह में पहुंचकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया. इस पर आसंदी ने नारेबाजी करने वाले सदस्यों को निलंबित किया.

शून्यकाल में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शांति का टापू छत्तीसगढ़ अशांति का टापू बन गया है. पूरे प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. इस पर चर्चा के दौरान सदन में भारी हंगामा हुआ. पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी हुई. स्थगन की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों नारेबाजी करते हुए गर्भ गृह में आ गए. समझाने के बाद भी शांत नहीं होने पर आसंदी ने नारेबाजी करने वाले सदस्यों को निलंबित कर दिया. सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि लगातार हमारे विधायकों के खिलाफ एफआईआर हो जाते हैं. सारंगढ़ में एक विधायक के खिलाफ एफआईआर हो जाता है. उसके 10 दिन पहले उनके पति के खिलाफ एफआईआर हो जाता है. लगातार भाजपा कांग्रेस के विधायकों के खिलाफ, वो भी खासतौर पर सतनामी विधायकों के खिलाफ, एफआईआर क्यों कर रही है. अपराधियों के खिलाफ ये एफआईआर नहीं करते हैं.

विपक्ष ने भाजपा के मन में सतनामी समाज के प्रति द्वेष भावना का आरोप लगाया. इस दौरान विपक्षी दल के सदस्य लगातार जय भीम, जय सतनाम के नारे लगाते रहे. विपक्ष के सदस्य कानून व्यवस्था को लचर बताया. सत्तापक्ष के विधायकों द्वारा संसद में की गई धक्का-मुक्की का जिक्र किया. राहुल गांधी को लेकर बयान पर जोरदार हंगामा मचा. विपक्ष ने भी जमकर नारेबाजी की. इस पर आसंदी ने कहा कि सदन के सदस्य नहीं हैं, उनके ऊपर लगाए गए आरोप के नाम को विलोपित किया.

## लाठी डंडे और आंसू गैस नहीं आएंगे काम... कांग्रेस प्रमुख खरगे ने किसान विरोधी नीतियों को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी नीतियों, जिद और झूठे वादों के कारण किसान सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद आई जिसमें किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के अस्पताल में भर्ती होने का मामला पंजाब सरकार और डॉक्टरों पर छोड़ दिया गया।

किसान नेता दल्लेवाल अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 24 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता की देखभाल की जिम्मेदारी पंजाब सरकार की है।

### किसानों का अनशन खत्म कराना सरकार की जिम्मेदारी

खरगे ने एक्स पर लिखा कि किसान स्वाभिमानी हैं क्योंकि वे देश का पेट भरते हैं। इस बार लाठी-भाजी, आंसू गैस, रबर की गोलियां, आंदोलनकारी और परजीवी जैसे अपशब्द काम नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि दल्लेवाल की बिगड़ती सेहत चिंता का विषय है। उनका अनशन खत्म करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

### कब पूरा करेंगे एमएसपी गारंटी का वादा?

खरगे ने सवाल किया, जब आपको तीन काले कानून वापस लेने पड़े, तो आपने एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के लिए एक कमेटी बनाने का ऐलान किया था, पूरा देश जानना चाहता है कि उस वादे का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उन्हें धोखा देना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दुर्ग से विशाखापटनम वंदे भारत एक्सप्रेस में टीटीई की संदिग्ध मौत




दुर्ग। दुर्ग से विशाखापटनम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में ड्यूटी पर तैनात टीटीई राजेंद्र कुमार निर्मलकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजेंद्र कुमार निर्मलकर, जो भाटापारा के निवासी थे, वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात थे और उनकी मौत ट्रेन के सफर के दौरान हुई।

ट्रेन जब टिटलागढ़, ओडिशा पहुंची, तो मृतक के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत के कारण संदिग्ध हैं, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आईटी रेड को कार में मिला 52 किलो सोना, 10 करोड़ कैश, 60 किलो चांदी, 51 ठिकानों पर छापेमारी



भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. यहां आईटी की रेड में 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए. यह रकम जंगल में खड़ी एक कार से बरामद हुई है. इतनी बड़ी मात्रा में सोना और कैश देख आयकर विभाग के अफसर भी दंग रह गए. फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी भोपाल के पास स्थित मेंडोरी के जंगलों में एक कार पर की गई. इस दौरान कार से भारी मात्रा में सोना और नकदी मिली. भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए सख्ती बरती जा रही है. इसी को लेकर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया. पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, इनोवा कार से कुल 10 करोड़ रुपये कैश मिला है. आयकर विभाग की इस कार्रवाई में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी. यह रेड दो दिनों से चल रही लोकायुक्त और आयकर विभाग की संयुक्त कार्रवाई का हिस्सा थी. इससे पहले आयकर विभाग ने भोपाल और इंदौर में एक प्रमुख कंस्ट्रक्शन कंपनी के 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापेमारी के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में सोना और नकदी देखकर आयकर विभाग के अफसर भी हैरान रह गए. अफसरों का कहना है कि मेंडोरी के जंगलों में जब्त की गई कार से 52 किलो सोने के अलावा लगभग 10 करोड़ रुपये नकद मिले हैं, जिन्हें विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है.

सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी पर टैक्स चोरी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है. विभाग ने इस संबंध में जांच तेज कर दी है और संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों की गहनता से पड़ताल की जा रही है. इस रेड के बाद राज्य में हड़कंप मच गया है. अधिकारी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था.

## सुबोध कुमार सिंह बने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, आदेश जारी



रायपुर। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आईएएस सुबोध कुमार सिंह को छत्तीसगढ़ सरकार ने म ुखयम ंत्री सचिवालय में प्रमुख सचिव बनाया है। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से श्री सिंह गुरुवार की शाम ही रायपुर पहुंचे हैं। छत्तीसग? कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुबोध सिंह एयरपोर्ट से सीधे मंत्रालय गए। वहां उन्होंने चीफ सेक्रेटरी से मिलकर अपनी ज्वाईनिंग दे दी थी। तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि, वे मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव बनाया जा सकते हैं। माना जा रहा है कि, श्री सिंह को लेकर सीएम श्री साय ने ही केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ वापस भेजने का आग्रह किया था। इसीलिए केंद्र ने श्री सिंह को तत्काल रिलीव किया। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल के दो दिनी छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान ही मुख्यमंत्री श्री साय ने उनसे सुबोध कुमार सिंह को भेजने का आग्रह किया था। श्री शाह के हामी भरने के बाद ही उनके बारे में आदेश निकल गया। आदेश निकलते ही एक दिन बाद ही वे छत्तीसगढ़ पहुंच गए।

# पुलिस भर्ती में योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार देने में राज्य की भाजपा सरकार फेल: कुलबीर

## शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी प्रेसवार्ता लेकर पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने व मशीनों की जांच की मांग की




राजनांदगांव (दावा)। पूरे प्रदेश सहित राजनांदगांव जिले में पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 में गड़बड़ी नजर आ रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार 20 दिसंबर को प्रेसवार्ता ली जिसमें बताया कि पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा पारदर्शिता का अभाव बताया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023-24 में जिस प्रकार की गड़बड़ियां हो रही है और योग्य अभ्यार्थियों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है और संबंधित गड़बड़ी के दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023-24 में जिस प्रकार की गड़बड़ियां हो रही है यह सोचनीय विषय है। भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन भर्ती पर गड़बड़ी रोक नहीं पा रहा है जिससे संदेह की स्थिति है। जिस तरह सरगुजा और बस्तर के आदिवासी अभ्यर्थियों को हाइट में छूट दी जा रही है तो वहीं मानपुर-मोहला की आदिवासी क्षेत्र के अभ्यार्थियों के लिए कम हाइट की छूट क्यों नहीं दिला पा रहे है।

**आदिवासी अभ्यर्थियों को उंचाई में छूट का लाभ नहीं**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे बताते हुए कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023-24 8वीं बटालियन में शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अनियमितता व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भेदभाव किया जा रहा है। जबकि उक्त भर्ती में नापजोख, पांच खेलकूद में अनियमितता नियुक्त अधिकारी एवं संलग्न कर्मचारियों द्वारा किया गया है। 'उक्त भर्ती' में अण्डर हाईट को भी पास कर दिया गया है। खेलकूद के पांचों ईवेंट में नंबर भी ज्यादा दिया गया है। भाजपा सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन काम कर अपात्र अभ्यार्थियों को अनुचित लाभ दिलाया गया जिनकी जांच होनी चाहिए।

श्री छाबड़ा ने कहा कि इस तरह भर्ती प्रक्रिया में शामिल हैदराबाद के टेक्निशियन सभी सम्मिलित है। अभ्यर्थियों द्वारा बताया गया कि कुछ लोगों को फिजिकल एकेडमी द्वारा तैयारी करने वाले अभ्यर्थी को नेशनल गेम का सर्टिफिकेट बनवाकर दिया है। जबकि कोई भी अभ्यर्थी नेशनल गेम में कभी भी शामिल नहीं हुए है।

इस प्रकार खेलकूद का छूट दिलाकर नियम विरूद्ध लाभ दिया गया है। श्री छाबड़ा ने कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती में नियम विरूद्ध किनारे किए गए अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस संगठन, राज्यपाल से न्याय की मांग करेगा एवं हम कांग्रेसजनों की भावनाएं इन अभ्यथियों के साथ है जिन्हें नियम विरूद्ध आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में किनारे कर दिया गया है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, कमलजीत सिंह पिन्टू, उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, भोला यादव, मनीष साहू, महेश साहू उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में क्रिसमस सेलिब्रेशन



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आज क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया है, जिसमें बाल वाटिका के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है यह आयोजन सर्वधर्म सम्मान की दृष्टि से यीशु मसीह के जन्मदिन के अवसर पर किया गया हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को क्रिसमस के महत्व और इसके पीछे की कहानी के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, साथ ही यह आयोजन बच्चों को अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ मिलकर खुशियां मनाने का अवसर भी प्रदान करता है और आशुतोष झा ने इस अवसर पर बच्चों के साथ मिलकर नृत्य कर बच्चों का उत्साह बढाया और उनकी खुशियों में शामिल हुए। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटीज इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा, एचएम सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी।

## पहला कॉलम...

### आज राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर किसान सम्मेलन सह किसान मेला

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर में जनादेश परब पर कृषि विभाग द्वारा जिले के विकासखंड मुख्यालयों में 21 दिसम्बर 2024 को एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत नया कृषि उपज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में सुबह 10 बजे से किसान सम्मेलन सह कृषि मेला का आयोजन होगा। इसी तरह विकासखंड स्तर पर सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया, कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ एवं कृषि उपज मंडी डोंगरगांव के प्रांगण में एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कृषि किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही समवर्गी पशुधन विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, बैंकर्स, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं वैज्ञानिकों के तकनीकी व्याख्यान आयोजित किये जाऐगे। स्टॉल व प्रदर्शनी के माध्यम से कृषकों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कृषकों एवं नागरिकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### नेहरू जी का डॉ. आंबेडकर पर इस तरह कोड़ा चलाने वाले चित्र ने किया था अपमान - अशोक चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि इन दिनों बाबा साहब अंबेडकर के अपमान को लेकर कांग्रेस पार्टी और अन्य दल लोकसभा में हंगामा कर रहे हैं, कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अमित शाह का पुतला में जला रहे हैं। आप यहां देख सकते हैं कि नेहरू जी अंबेडकर को चाबुक मार रहे हैं और यह कह रहे हैं कि संविधान की रिपोर्ट बनाने में इतनी देरी क्यों हो रही है, इतना ही नहीं यह कार्टून एनसीआरटी की किताबों में छापकर नेहरू जी के प्रधानमंत्री काल में बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। यह दलित का और अंबेडकर का कैसा सम्मान है। यह कांग्रेस पार्टी बताएं उन्होंने कहा कि सर्वविदित है कि कांग्रेस ने अंबेडकर साहब को कभी भी सम्मान नहीं दिया और जितना अपमान कर सकते हैं वह उन्होंने भरपूर किया जिसे बाबा साहब अंबेडकर ने स्वयं अपनी किताब में लिखा है। वहीं कांग्रेस आज बाबा साहब अंबेडकर के अपमान की झूठी चिंता कर रही है आम जनता और खासकर अंबेडकर वादियों को कांग्रेस की नीयत का पता होना चाहिए।

### शिवेंद्र रामटेके का निधन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड क्रमांक 32 लखोली निवासी शिवेंद्र रामटेके का आज 20 दिसंबर दिन शुक्रवार को तकरीबन सुबह 11:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे उनके निज निवास स्थान से लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए निकली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये। ज्ञात हो कि वे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके के छोटे भाई थे।

# मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से 24 दिसम्बर को आवास आबंटन



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री, मोहारा, रेवाडीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 648 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 147 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 24 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे नगर निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से अवासहिन जरूरतमन परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 583 एवं वर्तमान दावा अपत्ति उपरांत 67 कुल 650 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत 19 आवेदकों को लॉटरी के माध्यम से दिनांक 24 दिसम्बर को आवास का आबंटन किया जायेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. निर्धारित है। हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखो के सामने बनते हुए देख सकते है। उन्होंने स्वयं के आवास का सपना साकार करने आवास योजना का लाभ लेने आवेदन करने की अपील की है।

# आज खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग का भव्य आगाज़

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल एवं प्रतीक खंडेलवाल ने बताया कि आज दिनांक 21 दिसंबर को खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के द्वारा नीरज अरुण खंडेलवाल प्रस्तुत दो दिवसीय खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ तुलसी विहार नेहरू नगर जी.ई. रोड में समय दोपहर 3 बजे से होगा। जिसमें आपस में छह टीमें भिड़ेगी। टीमों के नाम- गौरव नेक्स्ट, शुभ डेंटल क्लीनिक, श्रीराम वॉरियर्स, श्याम कृपा रनर्स, खंडेलवाल रॉयल्स, श्री श्याम योद्धा हैं।

प्रथम मैच गौरव नेक्स्ट और श्री राम वॉरियर्स के बीच होगा खंडेलवाल कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल ने बताया कि केएसपीएल सीजन 2 के टाइटल स्पॉन्सर नीरज अरुण खंडेलवाल मुख्य अतिथि रायपुर निवासी उद्यमी सागर खंडेलवाल, ट्रॉफी स्पोंसर रमेश गौरव फरसोइया, को-स्पॉनसर नीलेश खंडेलवाल, विनर कैश प्राइज़ पार्टनर स्व. श्री गोपालदास घीया की स्मृति में, रनर कैश प्राइज़ पार्टनर हरिशंकर रमेश कुलवाल, बाउंड्री पार्टनर पराग ऑटो पार्ट्स, विकेट पार्टनर आर.के. ट्रेडर्स, टॉस पार्टनर श्री बुक्स एंपोरियम, स्पेशल स्पोंसरस भवानी मेडिकोज, फुड पार्टनर सैंडविच जंक्शन, प्राइड पार्टनर सौरभ खंडेलवाल तथा अशोक कानूनगो रहेंगे। खंडेलवाल युवा संगठन ने संस्कारधानी के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में केएसपीएल सीजन 2 में उपस्थित होने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार प्रसार प्रभारी निकुंज खंडेलवाल ने दी मोबाइल नंबर 918982689115।

# इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रति. की तैयारी हेतु कैंप प्रारंभ



**० तीरंदाजी खिलाड़ी खेल में सफलता के लिए एकाग्रता बनाएं: उप कुलसचिव दिग्विजय साहू**
**0 भुवनेश्वर रवाना होने से पहले 14 खिलाड़ी ले रहे कैंप में प्रशिक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 24 से 27 दिसंबर तक इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन भुवनेश्वर उड़ीसा में होने जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हेमचंद यूनिवर्सिटी द्वारा इंटर कालेज तीरंदाजी प्रतियोगिता कराकर विवि की तीरंदाजी टीम तैयार कर ली गई है। उक्त तीरंदाजी टीम प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करें। इस हेतु दिनांक 18 से 22 दिसंबर तक इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में तीरंदाजी कैंप का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन हेमचंद विवि दुर्ग के उप कुलसचिव दिग्विजय साहू द्वारा किया गया। कोच राहुल साहू ने बताया कि 18 दिसंबर को उद्घाटन सत्र में हेमचंद विवि दुर्ग से आए अतिथि उप कुलसचिव दिग्विजय साहू एवं स्थानीय कालेजों के क्रीड़ा अधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप कुलसचिव दिग्विजय साहू ने कहा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता सुधारने कोच अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं। खिलाड़ियों की भी जिम्मेदारी होनी चाहिए कि खेल को मन लगाकर खेलें, हमेशा उत्साह बना रहे, ताकि खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर डॉ. नीता नायर क्रीड़ा अधिकारी कमला कालेज राजनांदगांव, ठाकुर सर क्रीड़ा अधिकारी उतई कॉलेज दुर्गा, अरूण चौधरी क्रीड़ा अधिकारी दिग्विजय कालेज ने विगत कई वर्षों से इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजनांदगांव के खिलाड़ियों के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मृणाल चौबे अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने कहा कि तीरंदाजी खेल के लिए कोच राहुल साहू का समर्पण एवं प्रशिक्षण की देन है कि राजनांदगांव तीरंदाजी के क्षेत्र में नाम रौशन कर रहा है।

कोच राहुल साहू ने बताया कि इस अवसर पर खेल मैदान में प्रशिक्षणरत सभी खिलाड़ियों का अंडर- 19, 17, 14 वर्गवार ट्रायल मैच कराया गया। ट्रायल मैच में जीतने वाले प्रथम एवं द्वितीय खिलाड़ियों को उप कुलसचिव दिग्विजय साहू ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन को देखकर कुल सचिव उत्साहित दिखाई दिए। कोच राहुल साहू ने बताया कि आगामी 24 से 27 दिसंबर तक इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता जो कि भुवनेश्वर में आयोजित है उक्त प्रतियोगिता में हेमचंद यूनिवर्सिटी दुर्ग से कुल 14 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव से कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कमला कालेज एवं दिग्विजय कालेज और कन्फलुन्स कॉलेज, सोमनी महाविद्यालय के कुल 09 विद्यार्थी उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयनित हुए है। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में छोटे-छोटे उभरते हुए नन्हें तीरंदाजी खिलाड़ी एवं पालकगण उपस्थित थे।

# जिले में 2 हजार 703 हितग्राहियों का बना आयुष्मान वय वंदना कार्ड




राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र एपीएल एवं बीपीएल हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी पात्र एपीएल एवं बीपीएल हितग्राहियों को पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा।

राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल 42 हजार 672 पात्र हितग्राहियों में से 2 हजार 703 हितग्राहियों का पंजीयन कर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाकर वितरित किया गया हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड अनिवार्य नहीं हैं। समस्त पात्र सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा। पात्र हितग्राही अपने क्षेत्र के नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, आधार सेवा केन्द्र व च्वॉइस सेंटर में जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए केवल आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाईल नम्बर लेकर जाना होगा। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर, पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौक एवं उदयाचल धमार्थ नेत्र चिकित्सालय पुराना गंज चौक राजनांदगांव में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बना सकते हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर या निकटतम स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में संपर्क किया जा सकता हैं।


**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
शानदार तीसरा सप्ताह | रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
**पुष्पा 2**
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




SILVER SCREEN MULTIPLEX
20th Dec to 26th Dec 2024




Pushpa The Rule 2 - 10:00am, 10:30am, 01:45, 02:15, 02:30, 05:30, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Mufasa The Lion King - 09:45am, 12:00 and 06:30 pm
Vanvaas - 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


**कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**//निविदा सूचना//**

क्रं/1264 निविदा/लोक-11/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 13/12/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रू. लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 45 सांई दर्शन कालोनी में चबूतरा निर्माण कार्य। | 1.49 | 06/01/2025 |
| 2 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं 45 कौरिनभाठा स्थित चबूतरा निर्माण कार्य। | 1.49 | |
| 3 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 15 मे दो स्थानों में रोड मरम्मत कार्य। | 4.96 | |
| 4 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 45 में नाली निर्माण कार्य। | 1.00 | |
| 5 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 02 महात्मा बुद्ध वार्ड सामुदायिक भवन जीर्णोद्वार कार्य। | 2.00 | |
| 6 | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 14 बागेश्वर मंदिर के पास भवन संधारण कार्य। | 1.80 | |
| 7 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 29 सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य । | 2.00 | |
| 8 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 44 बजरंग चौक के पास चबूतरा निर्माण कार्य। | 1.49 | |
| 9 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं 22 में सामुदायिक भवन जीर्णोद्वार, रंग-रोगन एवं टाईल्स कार्य। | 3.50 | |
| 10 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 22 में स्थित गार्डन मे बीट चेयर कार्य | 2.70 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य 'शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय,नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn. com&http:// www.uad. cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, 'शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा । वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा ।

आ.क्र. 161/ जसं/24

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई (छ.ग.)**

Email-eekhaira-phe@cg.gov.in

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

**एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "ए" में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग / सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।**

| स. क्रं. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंकर क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 22/19.12.2024, 163142 | जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला स्तर में जल जीवन मिशन के विभिन्न स्तरों पर क्रियान्वयन, अनुश्रवन एवं निगरानी हेतु किराये पर कुल 03 वाहन लेने की निविदा | 21.60 |

**नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक-23.12.2024 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 13.01.2025 सांय 5:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खैरागढ-छुईखदान-गंडई (छ.ग)

जी- 242504735/1

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412090100009/ A -19 (3)**

विषय:- अ-19(3) मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2024-2025
राजकट्टा (प.ह.नं. 00029),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्री गोपाल खेमुका..
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप की ओर से श्री गोपाल खेमुका, स्टेट कमिश्नर, भारत स्काउट गाइड छ.ग. द्वारा दिनांक 05.12.2024 को आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम राजकट्टा ग्राम पंचायत गाजमर्रा, तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नं. 33 में से 8.30 एकड़ भूमि प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु निःशुल्क आबंटित करने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 30.11.2024 को जारी पत्र की प्रति के साथ आवेदित भूमि का नक्शा तथा पंचायत प्रस्ताव की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, डोंगरगढ़**

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के
2-6-7
560-1 455-4
राजधानी
3-5-9
269-7 259-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# छत्तीसगढ़ में वर्षा के आसार बढ़े, अनेक स्थानों में हो सकती है बारिश



**पांच-सात दिनों में बनेगी शीत लहर की स्थिति**

राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में आसमान में बादल बदली की स्थिति बनी रहने से ठंड में थोड़ी कमी आई है। लेकिन यही बादल बदली शीघ्र ही बारिश का रुप धारण करने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय संचरण और उत्तर के पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम बदलने वाला है। इसके चलते छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में वर्षा के आसार हैं। शनिवार को कुछ स्थानों में बारिश होने के भी समाचार मिले है।

इधर मौसम विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि पांच-सात दिनों में अंचल में शीत लहर चलने वाली है। इसकी वजह उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना से जोड़ कर देखा जाना है।

बता दें कि उत्तर भारत में ठंड के मौसम में तापमान पश्चिमी विक्षोभ पर निर्भर करता है। इसके देर से आने के चलते पिछले वर्ष भी ठंड की शुरुआत देर से हुई थी। इस बार भी पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता देर से ही हुई है। अतः क्रिसमस के माहौल में ठंड बढ़ सकती है। हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि ऐसी स्थिति कुछ दिन तक ही रहेगी। लंबे समय तक ठंड का असर प्रचंड रुप से नहीं रह सकता। फिलहाल प्रदेश के क ई स्थानों पर वर्षा के आसार बने हुए हैं।

# शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने शिविर 23 को

**शिविर में नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये आवेदन कर सकते है**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है, निर्देशानुसार जनसमान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने पंचायत स्तरीय एवं निकाय स्तरीय शिविर लगाया जाना है।

शिविर के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश एवं जिलाधीश संजय अग्रवाल के आदेशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को देने 23 दिसम्बर सोमवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में शिविर आयोजित किया जा रहा है, शिविर में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ देने स्टाल लगाया जायेगा, जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, निगम संबंधी योजना का लाभ दिया जायेगा। जिसमें राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने आवेदन लिया जायेगा। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# आवारा कुत्तों का बधियाकरण, एक माह में 287 कुत्तों का हुआ बधियाकरण



राजनांदगांव (दावा)। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुये नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। आवारा कुत्तो की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों तथा शिकायत प्राप्त क्षेत्रों से पकड़कर कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नवम्बर से लगभग एक माह में 287 आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया है।

बधियाकरण अभियान के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के कई वार्डो में आवारा कुत्तो की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे नागरिकों को कुत्ता काटने जैसी अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा तथा कुत्तों के झुड से लोगों में भय जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। जिसे ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण करने प्रक्रिया की गयी और प्रक्रिया उपरांत भिलाई के एनिमल केयर सर्विसेस को आवारा कुत्तों का बधियाकरण करने विधिवत कार्यादेश दिया गया।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि एनिमल केयर सर्विसेस द्वारा आवारा कुत्तों का बधियाकरण के तहत लगभग एक माह में वार्ड नं. 15 से 15, वार्ड नं. 23 से 41, वार्ड नं. 28 से 29, वार्ड नं. 29 से 36, वार्ड नं. 32 से 46, वार्ड नं. 34 से 39, वार्ड नं. 36 से 14 एवं वार्ड नं. 45 से 42 कुल 287 आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि बधियाकरण कार्य स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन एवं स्वच्छता निरीक्षकों के देख-रेख में वार्डो में किया जा रहा है। उन्होने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में अत्यधिक आवारा कुत्ते हो तो वे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग मे सम्पर्क कर जानकारी दे सकते है, ताकि आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया जा सके।

# रॉयल किड्स कान्वेंट के पूर्व छात्र आशुतोष झा ने शाला में बच्चों को प्रेरित किया



राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट के पूर्व छात्र आशुतोष झा ने हाल ही में अपने पूर्व विद्यालय रॉयल किड्स कॉन्वेंट का दौरा किया। आशुतोष झा ने बच्चों को प्रेरित करने और उन्हें अपने अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान किया। आशुतोष झा ने बच्चों को अपनी यात्रा के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता के बारे में बताया और उन्होंने तीन बातों को अपनाने को कहा- (1) जुनून- अर्थात कार्य को पूरे जुनून के साथ शुरू करें अंततः सफलता जरूर मिलेगी। (2) जुबान - अर्थात अपनी बातों को इस तरह प्रस्तुत करें कि सामने वाला प्रभावित हो ही जाए और आपका कार्य संपूर्ण होने पर अग्रसर हो ही जाए। (3) जुगाड़ - अर्थात हम किसी भी स्थिति में रहे या किसी भी हालत में रहे छोटे से छोटे जुगाड़ के द्वारा कठिन कार्य को भी संभव कर सकते हैं, इस तरह से इन तीनों नियमों को अपनाकर अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और इन चारो पॉइंट को महत्वपूर्ण बताया हैं जिसमे ये पॉइंट इस प्रकार हैं -1) इंटेलिजेंस 2) इमोशन 3) सोशल 4) एड्वेर्सिटी क्वेश्चन। ये लाइफ के लिए महत्वपूर्ण बातें हैं। आशुतोष झा ने बहुत ही शिक्षाप्रद बातें बच्चों को बताई की मोबाइल टीवी के दायरे से बाहर निकल कर अपना बचपन दोस्तों के साथ खेल कूद कर जिए और सामाजिक दायरा बढ़ाएं। इस तरह से आशुतोष झा की यह यात्रा बच्चों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के.वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटीज इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा, एच.एम.सरिता सिंह मैडम एवं सभी शिक्षकों ने आशुतोष झा को शुभकामनाएं व स्नेह दिया।

# विष्णु की पाती पाकर किसानों में उमंग एवं उत्साह



**जिले में 5 हजार 317 किसानों से 3724425.60 क्विंटल धान की की गई खरीदी**

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महापर्व अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 75 हजार 317 किसानों से 3724425.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 859 करोड़ 3 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में जनादेश परब मनाया जा रहा है। किसानों में कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी होने पर खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद कहा। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मुख्यमंत्री की विष्णु की पाती दी गई, जिसे पढ़कर किसानों में उमंग एवं उत्साह है। किसानों ने कहा कि सरकार किसान हितैषी है तथा किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों को धान के दो वर्ष की बकाया बोनस राशि भी दी है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। जिले में किसानों को बारदाने की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध है। किसान माइक्रो एटीएम का उपयोग कर तत्काल 10 हजार रूपए तक निकाल सकते हैं, तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है। धान बिक्री के लिए टोकन तुहर दुआर एप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से टोकन किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसानों को बहुत सुविधा मिली और एक ही बार में पूरा धान की बिक्री हो जाने से समय की बचत हो रही है। किसानों द्वारा धान की बिक्री के 72 घंटों के भीतर धान का भुगतान समय पर प्राप्त होने से किसानों में खुशी है। जिले में किसानों द्वारा सुविधापूर्वक धान की बिक्री की जा रही है।

# आज शहर में सिर दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, मिर्गी, लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे।

नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों मे दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान, नाक, गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# निःसंतान दंपतियों के लिए सुनहरा अवसर, निःसंतानता रोग विशेषज्ञ की सेवाएं राजनांदगांव एवं खैरागढ़ में उपलब्ध



राजनांदगांव (दावा)। निःसंतानता लाइलाज नहीं, सही परामर्श एवं आईवीएफ से संतान सुख प्राप्ति संभव है, ऐसा कहना है मुंबई की प्रतिष्ठित निः संतानता चिकित्सक डॉ.रैनी अग्रवाल का। आजकल की असामान्य एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में निःसंतानता, दंपतियों में एक प्रमुख समस्या बन कर उभर रही है। एक परिवार तब ही पूरा होता है जब दंपत्ति की खुद की संतान हो, परंतु यह सुख सभी को प्राप्त नहीं हो पाता। दंपति वर्षों तक प्रयास करते रहते हैं परंतु संतान सुख की प्राप्ति नहीं कर पाते, जिसकी वजह से परिवार में क्लेश तथा मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं परंतु अब मेडिकल साइंस की नई टेक्नोलॉजी आईवीएफ से संतान प्राप्ति संभव है। ऐसे दंपतियों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग के विशेषज्ञ मुंबई की प्रख्यात निःसंतानता एवं आईवीएफ एवं कोसमेटिक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रैनी अग्रवाल अपनी सेवाएं देंगी।

कम शुक्राणु, पुरुष नसबंदी, खराब शुक्राणु, नील शुक्राणु, धीमी गतिशीलता, बंद फैलोपियन, अंडो में खराबी, अनियमित पिरेड, बांझपन की समस्या, गर्भ से सम्बन्धित समस्या, स्त्रियों से सम्बन्धित संपूर्ण समस्या एवं माहवारी से सम्बन्धित समस्या के निदान हेतु प्रत्येक बुधवार दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक आरोग्यम क्लिनिक सतनाम भवन राजनांदगांव एवं फेमस मेडिकल खैरागढ़ में प्रत्येक शनिवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक अपनी सेवाएं देंगी। जहां पर पति पत्नी दोनों की जांच करके समस्या का संपूर्ण इलाज किया जाएगा।

# यूसीमास अतंर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 दिल्ली में राजनांदगांव के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। भारत ने दुनिया के सबसे बड़े अबेकस मानसिक अंकगणित की यूसीमास अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 अपना दबदबा कायम किया है। जिसमें 30 देशों के 6000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता अलग-अलग आयु समूह के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें सबसे ज्यादा पुरूस्कार भारत ने अपने नाम किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहर के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें राजनांदगांव यूसीमास एनपीपीएस बलदेव बाग सेन्ट्रल के ईशान साहू, फर्स्ट रनरअप रहे। आर्यन साहू, लब्ध साहू, सेकेण्ड रनरअप रहे, सृष्टी बनाफर, अंश छबलानी, वंशिका तेजवानी, वेदान्त पाटले, रिधिमा पटेल, कुणाल अग्रवाल, अर्जुन चौहान चौहान, शंशाक सुमन, सिमरन सुमन, मंत्र मौर्य थर्ड रनअप रहे।

यह प्रतियोगिता व केवल उनकी गणितीय दक्षता का प्रमाण है बल्कि उनकी विजुअल मेमोरी, फोकस और समग्र शिक्षा उत्कृष्टता का भी प्रमाण है। यूसीमास इंडिया बच्चों को गणित में एक मजबुत आधार बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है, उन्हें प्रतिर्स्पधा से भरी दुनिया में सफलता के लिए तैयार करता है।

# एआईसीएफ स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट में आरुषि, नाविका एवं परी 5-5 अंक के साथ शीर्ष पर




राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल सभा राजनांदगांव एवं जिला शतरंज संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में एआईसीएफ स्मार्ट गर्ल्स ऑल इंडिया फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट का 18 से 22 दिसंबर तक अग्रसेन भवन में आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 10 राज्यों के 121 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे है।

मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन भवन में पुलिस कप्तान का स्वागत अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, संरक्षक सुशील पसारी, प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली, अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने किया। श्री गर्ग को इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट के बारे में शतरंज गुरु विनोद राठी ने विस्तार से जानकारी दी। पुलिस कप्तान ने कहा कि शतरंज एकाग्रता और अनुशासन का खेल है, जीवन में सफलता का यही मूल मंत्र है। प्रतियोगिता के पांचवे चक्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (आईपीएस) प्रमुख रूप से उपस्थित थे, उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के पांचवे चक्र में प्रथम बोर्ड पर आरूषि सेवरिन (कर्नाटक) 5 अंक ने इशिका मडके (छत्तीसगढ़) 4 अंक को, दूसरे टेबल पर नाविका जायसवाल (झारखंड) 5 अंक ने वैदेही मिश्रा (छत्तीसगढ़) 4 अंक को, तीसरे टेबल पर परी तिवारी (छत्तीसगढ़) 5 अंक ने हिमानी देवांगन (छत्तीसगढ़) 4 अंक को, चौथे टेबल पर प्राची यादव (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने संजीता साहू (छत्तीसगढ़) 4 अंक को, पांचवे टेबल पर ममता देवांगन (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने आरना चौबे (मध्यप्रदेश) 3 अंक को, छठवे टेबल पर श्रुति सरकार (पश्चिम बंगाल) 4 अंक ने भारती फराओ (छत्तीसगढ़) 3 अंक को, सातवे टेबल पर काशवी जैन (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने इधिका (छत्तीसगढ़) 3 अंक को, आठवे टेबल पर खुशी यादव (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने आत्रेयी दास (पश्चिम बंगाल) 3 अंक को, नौवे टेबल पर अवनि चौरसिया (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने इच्छा साहू (छत्तीसगढ़) 3 अंक को, दसवे टेबल पर जेश केशरवानी (छत्तीसगढ़) 4 अंक ने आन्या खूबचंदानी (छत्तीसगढ़) 3 अंक को पराजित किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक आईए अनीश अंसारी, उपमुख्य निर्णायक एफए रॉकी देवांगन, सेक्टर ऑर्बिटर एसएनए सुबोध कुमार सिंह, फील्ड ऑर्बिटर एसएनए ओमप्रकाश, एसएनए अनिल शर्मा, एसएनए हर्ष शर्मा, एसएनए शुभम बसोने, एसए शेख लतीफ , एसए राजेश पाटले है। आज प्रातः 09:30 बजे प्रतियोगिता का छठवा चक्र खेला जाएगा।

# जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए वार्डो के आरक्षण की कार्रवाई की गई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई लॉटरी निकालकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों को आरक्षित किया गया।

नगर निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कुल 51 वार्डों में से 17 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4, 7, 11, 12 एवं 40 कुल 6 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 7 एवं 40 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 20, 21 एवं 44 कुल 3 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 21 कुल 1 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 6, 13, 15, 18, 26, 30, 31, 35, 41, 42, 43, 45, 46, 48 एवं 50 कुल 16 वार्ड को आरक्षित किया गया है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 18, 26, 31, 42 एवं 43 कुल 5 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनारक्षित वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1, 5, 8, 9, 10, 14, 16, 17, 19, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 32, 33, 34, 36, 37, 38, 39, 47, 49 एवं 51 कुल 26 वार्ड शामिल है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 5, 9, 19, 22, 25, 29, 32, 34 एवं 38 कुल 9 वार्ड को अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के कुल 24 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के कुल 24 वार्डों में से 8 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 5, 9, 10 एवं 14 कुल 5 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 5 एवं 14 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 7 एवं 21 कुल 2 वार्ड आरक्षित है, जिसमें वार्ड क्रमांक 21 कुल 1 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1, 16, 22, 23 एवं 24 कुल 5 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 1 एवं 24 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 3, 4, 6, 8, 11, 12, 13, 15, 17, 18, 19 एवं 20 कुल 12 वार्ड है, जिनमें वार्ड क्रमांक 12, 15 एवं 18 कुल 3 वार्ड अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

नगर पंचायत डोंगरगांव के कुल 15 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत डोंगरगांव के कुल 15 वार्डों में से 5 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2 एवं 12 कुल 2 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 2 कुल 1 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1 एवं 9 कुल 2 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 1 कुल 1 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 6, 11 एवं 13 कुल 3 वार्ड को आरक्षित किया गया है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 6 कुल 1 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 7, 8, 10, 14 एवं 15 कुल 8 वार्ड है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 8 एवं 15 कुल 2 वार्ड अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

नगर पंचायत छुरिया के 15 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत छुरिया के कुल 15 वार्डों में से 5 वार्ड को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1 कुल 1 वार्ड आरक्षित किया गया है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 कुल 3 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 13 कुल 1 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 11 कुल 3 वार्ड को आरक्षित किया गया है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 4 कुल 1 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 2, 5, 6, 7, 8, 9, 10 एवं 12 कुल 8 वार्ड है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 7, 9 एवं 12 कुल 3 वार्ड अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के 15 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत छुरिया के कुल 15 वार्डो में से 5 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 11 कुल 1 वार्ड आरक्षित किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 7 एवं 14 कुल 6 वार्ड को आरक्षित किया गया है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 4 एवं 14 कुल 2 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 5, 6, 8, 9, 10, 12, 13 एवं 15 कुल 8 वार्ड है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 6, 10 एवं 12 कुल 3 वार्ड अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

# आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर राजनांदगांव सेवा समिति द्वारा मुख्य अतिथि देवी स्वरुपा नन्ही बालिका द्वारा उद्घाटन

**सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि मानव सेवा माधव सेवा को शिरोधार्य करें**

राजनांदगांव (दावा)। सेवा समिति के तत्वाधान में आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज 21 दिसंबर शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक परशुराम भवन मठपारा रोड, राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि देवी स्वरूपा नन्ही बालिका द्वारा उद्घाटन किया जाएगा।

शिविर में सेवा देने हेतु प्रख्यात डॉ. शैलेश केलकर (स्पाइन एण्ड न्यूरोसर्जन नागपुर), डॉ. रोमिल जैन (पेट एवं यकृत रोग विशेषज्ञ), डॉ. योगेश सोनी (आर्थो- हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. मिथिलेश शर्मा (नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ), डॉ. शिरिश अग्रवाल (मुँख एवं दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. अनिमेष गाँधी (शिशु रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाओं से मरीजों को लाभान्वित करेंगे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में संस्कारधानी के सेवाभावी कार्यकर्ता डॉ. मिथिलेश शर्मा, संतोष पटाक, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल, ममता शर्मा रचना महेश मेनन, श्वेता शर्मा के द्वारा तैयारियां कर ली गई है। राजनांदगांव सेवा समिति के सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने नगर के समस्त बंधुओं से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी सौरभ खंडेलवाल द्वारा दी गई है।

## अनमोल दावा

"अगर आप अपनी गलतियों से कुछ सीखते हो, तो गलतियां सीढ़ियां बनती हैं और अगर नहीं सीखते हैं, तो गलतियां सागर हैं, फैसला आपका है, चढ़ना है या डूबना है।

## अलग माहौल में दिल्ली के चुनाव, सभी पार्टी के सामने अलग-अलग चुनौती

झुग्गियों और अनधिकृत कालोनियों में जाकर केजरीवाल एक तरह से भाजपा की काट कर रहे हैं। वह यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि आप को ही दिल्ली के आम और गरीब वोटरों की चिंता है। भाजपा जहां शीशमहल और शराब नीति को लेकर आप पर आक्रामक है वहीं आप कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा को घेर रही है।

दिल्ली विधानसभा के लिए चुनावों का औपचारिक एलान होना भले ही शेष हो, लेकिन सर्दियों के मौसम में चढ़े सियासी पारे से चुनावी तपिश की अनुभूति होने लगी है। सत्तापक्ष की ओर से खुद अरविंद केजरीवाल ने कमान संभाल रखी है, जबकि विपक्षी भाजपा 27 साल से जारी सत्ता के सूखे को खत्म करके उम्मीदों की हरियाली लाने के लिए प्राणपण से जुटी हुई है।

कांग्रेस भी राज्य में अपने अस्तित्व को साबित करने की कोशिश कर रही है। सबसे ज्यादा ध्यान अरविंद केजरीवाल की रणनीति पर है। आदर्शवादी सपने को हकीकत बनाने के वादे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल दिल्ली की राजनीति में अब तक अजेय बने हुए हैं। इसके साथ ही पंजाब की सत्ता पर भी उनकी पार्टी काबिज है।

जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा विधानसभा तक उनकी नुमाइंदगी तो है ही, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के गढ़ गुजरात में भी उनकी उपस्थिति है। इसीलिए दिल्ली की राजनीति में उनकी स्थिति पर सभी की नजर है। दिल्ली विधानसभा का 2013 का चुनाव आदर्शवादी सपनों को चुनने या नकारने का था।

उसमें केजरीवाल को बहुमत भले ही नहीं मिला हो, लेकिन दिल्ली की जनता ने आप को दूसरे नंबर की पार्टी का दर्जा देकर संदेश दे दिया कि केजरीवाल में उसका भरोसा है। 2015 का चुनाव सही मायने में आदर्शवादी सपनों को हकीकत का जामा पहनाने का चुनाव था।दिल्ली की 70 में से 67 सीटों पर आम आदमी पार्टी की भारी जीत ने केजरीवाल के सामने जनाकांक्षाओं का बोझ लाद दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव पर भी आदर्शवाद को हकीकत बनाने की ही मंशा हावी रही। इस चुनाव में केजरीवाल जनता को यह समझाने में सफल रहे कि उन्होंने राजनीति को साफ करने और स्वच्छ प्रशासन देने का जो सपना दिखाया है, उसे पूरा करने के लिए और वक्त चाहिए। दिल्ली की जनता ने उन्हें एक बार फिर पांच साल का वक्त दिया।

आदर्शवादी धारणा को जमीनी हकीकत बनाने में केजरीवाल कितने कामयाब हुए, इसका जवाब दिल्ली के मतदाताओं के पास है, लेकिन केजरीवाल ने अपने शासनकाल में रेवड़ी संस्कृति को नए रूप में पेश किया। अपने वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए उन्होंने फ्री बिजली, पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने में कंजूसी नहीं बरती। इसके साथ ही केजरीवाल सरकार ने कभी ट्रैफिक कंट्रोल तो कभी किसी अन्य बहाने से तात्कालिक और अल्पकालिक रोजगार के मौके मुहैया कराए। इसमें ज्यादातर केजरीवाल की पार्टी कार्यकर्ताओं को तवज्जो मिली। सरकारी महकमों में भी यह रुझान दिखा। इन कदमों के माध्यम से केजरीवाल ने अपने पक्ष में खड़े रहने वाले वोटरों का ऐसा कोलाज तैयार किया, जिसके जरिये सत्ता को संभव बनाए रखा जा सके।हालांकि तीसरे कार्यकाल में केजरीवाल की आदर्शवादी छवि बुरी तरह से दरकती गई। शीशमहल कांड हो या शराब नीति घोटाला या फिर मुख्यमंत्री आवास में पार्टी की ही सांसद स्वाति मालीवाल से मुख्यमंत्री के निजी सचिव द्वारा की गई मारपीट, इन मुद्दों ने पार्टी को गलत कारणों से सुर्खियों में रखा। इससे राजनीति को बदलने वाले की छवि भी पारंपरिक नेता वाली बन गई, जिसे सत्ता के लिए कुछ भी करने से गुरेज नहीं।


मंत्री सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया ही नहीं, खुद केजरीवाल भी कुछ दिन जेल में रहे। इन घटनाओं से यही संदेश निकला कि केजरीवाल और उनकी राजनीति भी अलग नहीं है। रेवड़ी कल्चर और अपने वोट बैंक को साधने की तमाम जुगत के बावजूद केजरीवाल के लिए आगामी चुनाव आसान नहीं। शायद उन्हें इसका आभास भी हो गया है। इस प्रतिकूल हवा को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए केजरीवाल ने कमान संभाल ली है।

मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गज नेता के लिए पार्टी ने सीट बदलना ठीक समझा। एंटी इनकंबेंसी और विवादों से बदली अवधारणा के बीच केजरीवाल टिकट वितरण के मामले में भाजपा की राह पर चले। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं रामनिवास गोयल से लेकर दिलीप पांडेय ने चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया, जबकि दूसरे दलों से आ रहे नेताओं को तत्काल टिकट थमाया गया। दिल्ली में करीब 42 प्रतिशत वोटर पूर्वांचली हैं, जबकि करीब आठ से दस प्रतिशत उत्तराखंड के हैं। आप के विजयी अभियान में पूर्वांचली मतदाताओं की अहम भूमिका रही है। पिछली बार आप ने 16 पूर्वांचली नेताओं को टिकट दिए थे। वहीं भाजपा की राजनीति अब भी अपनी पुरानी रणनीति यानी पंजाबी, बनिया और दिल्ली देहात के इर्द-गिर्द घूम रही है। केजरीवाल जहां भाजपा की ही तरह पंजाबी, बनिया और दिल्ली देहात पर फोकस कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी निगाह पूर्वांचली और उत्तराखंड के लोगों पर भी है। उन्होंने पूर्वांचली मूल के गोपाल राय को दिल्ली का संयोजक बना रखा है। साथ ही वे पारंपरिक राजनीति की तरह कमजोर सीटों के मामले में बाहरी नेताओं पर भरोसा कर रहे हैं। एंटी-इनकंबेंसी यानी सत्ता विरोधी रुझान की काट के लिए केजरीवाल अपने कोर वोटरों यानी झुग्गी-झोपड़ियों और अनधिकृत कालोनियों में चुनाव घोषणा पत्र को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

# जनसंख्या गिरावट पर मोहन भागवत की चिंता

बलबीर पुंज

**संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है। आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है? बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट पर अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता हैज् इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए ज्जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।**



जैसे ही उनका विचार मीडिया की सुर्खियों में आया, वैसे ही स्वयंभू सेकुलरवादी और वामपंथी तिलमिला उठे। संघ प्रमुख ने जिस आशंका को प्रकट किया हैं, उससे सार्वजनिक जीवन में सक्रिय जनप्रतिनिधियों का एक समूह परिचित तो है, लेकिन अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण उसे जनविमर्श का हिस्सा बनाने से न सिर्फ बचता है, बल्कि उसे नया रंग देने का प्रयास भी करता है।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर क्या हमें हकीकत को नहीं देखना चाहिए? क्या यह सच नहीं कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में हिंदुओं की जनसंख्या, मुस्लिमों के अनुपात में लगातार घट रही है? क्या मजहब का भारत की एकता-अखंडता और इस राष्ट्र के शाश्वत मूल्यों– बहुलतावाद, लोकतंत्र और सेकुलरवाद के साथ सीधा संबंध है या नहीं? देश में जहां-जहां आज हिंदू अल्पसंख्यक है, उनमें से अधिकतर क्षेत्र क्या अलगाववाद से ग्रस्त नहीं? संघ प्रमुख के विचार पर त्वरित कोई राय बनाने से पहले क्या इन सवालों के जवाब ईमानदारी से खोजने चाहिए।

क्या यह सत्य नहीं कि ब्रिटिशकालीन भारत, जनसांख्यिकीय में आए परिवर्तन के कारण ही विभाजित हुआ था? इस त्रासदी में जिन दो मुल्कों– पाकिस्तान और बांग्लादेश का जन्म हुआ, वह घोषित रूप से इस्लामी है। अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप इन दोनों ही देशों में हिंदू, बौद्ध और सिख आदि अल्पसंख्यकों के लिए न तो कोई स्थान है और न ही उनके मानबिंदु (मंदिर-गुरुद्वारा सहित) सुरक्षित। विडंबना है कि सिंधु नदी, जिसके तट पर हजारों वर्ष पूर्व ऋषि परंपरा से वेदों की रचना हुई– उस क्षेत्र में आज उनका नाम लेने का कोई नहीं बचा है।भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक %असुरक्षित' कौन है? विश्व के इस भूखंड में कुल मिलाकर 180 करोड़ लोग बसते है, जिसमें भारत 140 करोड़, पाकिस्तान 23 करोड़ और बांग्लादेश की आबादी 17 करोड़ है। 180 करोड़ में 112 करोड़ हिंदू है, जबकि मुस्लिम 62 करोड़ से अधिक मुस्लिम। विभाजन से पूर्व, इस भू-भाग की कुल आबादी में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन अनुयायियों का अनुपात 75 प्रतिशत, तो मुस्लिम अनुपात 24 प्रतिशत था। स्वाधीनता से लेकर आज तीनों देशों में हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन घटकर 62 प्रतिशत रह गए है, जबकि मुस्लिम बढ़कर 34 प्रतिशत हो गए। आज हिंदुओं-सिखों-बौद्ध-जैन की जो वास्तविक संख्या 135 करोड़ या उससे अधिक होनी चाहिए थी, वह घटकर 112 करोड़ रह गई है। यक्ष प्रश्न है कि इस भूखंड से पिछले सात दशकों में 23 करोड़ हिंदू-सिख-बौद्ध-जैन कहां गायब हो गए?

बात यदि खंडित भारत की करें, तो अरुणाचल प्रदेश में 2001 से 2011 के बीच हिंदुओं की जनसंख्या 5.56त्न तक घट गई है। वर्ष 1971 में इस प्रदेश की कुल जनसंख्या में ईसाई एक प्रतिशत भी नहीं थे, लेकिन वर्ष 2011 में वे 30त्न हो गए। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों की संख्या भी घट गई है। असम में 2001 की जनगणनीय तुलना में हिंदू आबादी 2011 में लगभग तीन प्रतिशत घटी है। इस दौरान असम में हिंदू वृद्धि दर लगभग 11त्न, तो मुस्लिम आबादी 29त्न रही। प.बंगाल में भी हिंदुओं की वृद्धि दर तेजी से घट रही है। केरल में हिंदू जनसंख्या गत 100 वर्षों में 14 प्रतिशत घट चुकी है।

स्वतंत्रता से पहले नागालैंड और मिजोरम– दोनों आदिवासी बहुल क्षेत्र थे। दिलचस्प तथ्य है कि वर्ष 1941 में नागालैंड की कुल आबादी में जहां ईसाई लगभग शून्य थे, तो मिजोरम में ईसाई आबादी आधा प्रतिशत भी नहीं थी। परंतु वह एकाएक 1951 में बढ़कर क्रमशः 46 और 90 प्रतिशत हो गए। 2011 की जनगणना के अनुसार, दोनों राज्यों की कुल जनसंख्या में ईसाई क्रमशः 88 और 87 प्रतिशत है। मेघालय की भी यही स्थिति है। इसी जनसांख्यिकीय स्थिति के कारण इन राज्यों में चर्च का अत्याधिक प्रभाव है।

इसी वर्ष अगस्त-सितंबर में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अमेरिका में भाषण देते हुए तीन देशों के ईसाई-बहुल क्षेत्रों को शामिल करते हुए %ईसाई राज्य' के दृष्टिकोण को साझा किया था। यहां अनुमान लगाना आसान है कि लालदुहोमा– भारत, बांग्लादेश और म्यांमार की बात कर रहे थे। इस षडयंत्र का संकेत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी दे चुकी थी।

यदि हिंदू बहुल भारत का एक तिहाई हिस्सा अगस्त 1947 में इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान बन गया, तो 21वीं सदी से पहले ईसाई बहुल सर्बिया का हिस्सा रहे मुस्लिम बहुल कोसोवो ने 2008 में स्वयं को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर लिया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से 104 देशों ने कोसोवो को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता भी दी है। इसी तरह मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया का अंग रहे ईस्ट तिमोर (तिमोर लेस्ते) ने मई 2002 में स्वयं को अपनी ईसाई बाहुलता के कारण आजाद मुल्क घोषित कर दिया। यही स्थिति ईसाई बाहुल्य दक्षिणी सुडान की भी है, जिसने इस्लामी राष्ट्र सुडान से कटकर स्वयं के स्वतंत्र होने का ऐलान कर दिया। यह उदाहरण है कि कैसे मजहबी-सांस्कृतिक भिन्नता, किसी देश का विखंडन कर सकती है।

वास्तव में, पिछले 1,400 वर्षों में भारतीय उपमहाद्वीप में जहां-जहां उसके मूल सनातन मतावलंबियों का भौतिक-भावनात्मक ह्रास हुआ, वहां-वहां भारत की भौगोलिक सीमा सिकुड़ती गई, तो बहुलतावाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता जैसे जीवनमूल्यों का पतन हो गया। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर– इसके हालिया प्रमाण है। सच तो यह है कि देश के हिंदू चरित्र के कारण यहां पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्र और बहुलतावाद अबतक जीवित है। लेकिन यह भी उसी हद तक ही जिंदा रह सकती है, जब तक सनातन अनुयायियों की संख्या है। कोई भी विचार और संस्कृति केवल अपनी गुणवत्ता के बल पर ही सांस नहीं ले सकती, संख्याबल भी उतनी जरूरी है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 347 : वन के पथ पर पैदल ही निकल पड़े हैं श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



यह गंगा के तट का रेतीला क्षेत्र है। जीवनदायिनी गंगा ने एक माता के समान वात्सल्य दृष्टि से इस समूचे क्षेत्र को सिंचित किया हुआ है। श्रृंगवेरपुर से नाव में बैठने के पूर्व सीता जी ने गंगा तट से थोड़े बालू एकत्र कर लिए थे। उन्होंने कपड़े के एक थैले में इन्हें इकट्ठा कर रखा है।उन्होंने एक समतल स्थान पर उस बालू का शिवलिंग बनाया। लक्ष्मण जी पास के एक कनेर पेड़ से कुछ पुष्प चुन लाए। सीताजी ने अपने दोनों हाथ जोड़कर देवाधिदेव महादेव से अपने आगे की यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने पूजा कर वे पुष्प शिवलिंग पर अर्पित कर दिए। श्री राम, निषादराज और लक्ष्मण जी तीनों के हाथ भी नमस्कार मुद्रा में जुड़े हुए हैं। सीता जी की प्रत्येक चेष्टा में नदी, वन, पेड़ - पौधों आदि प्रकृति के उपादानों के लिए कृतज्ञता भाव है।

श्रृंगवेरपुर से प्रयागराज लगभग चार योजन की दूरी पर है। श्री राम यह मार्ग पैदल ही तय कर रहे हैं। श्री राम और लक्ष्मण जी ने अपने गुरु विश्वामित्र के साथ सिद्धाश्रम तथा मिथिला यात्रा के दौरान कई योजन तक सहजता से पैदल यात्रा की थी। सीता जी को लंबे पग-पथ का अभ्यास नहीं है, लेकिन उनके भीतर उत्साह है। मिथिला में गुरु सदानंद के आश्रम में उन्होंने अन्य आश्रमवासी बालिकाओं की तरह ही श्रम किया है।

जब महाराज जनक के समक्ष राजकुमारी सीता की शिक्षा - दीक्षा का प्रश्न उपस्थित हुआ था, तो बालकों के गृहत्याग कर गुरु के आश्रम में जाने के प्रश्न पर माता सुनयना के मन में झिझक थी। उन्होंने महाराज जनक से कहा:-

''स्वामी! यह आश्रम अध्ययन व्यवस्था तो बालकों के लिए होना चाहिए। कन्याएं घर से दूर आश्रम में किस तरह निवास कर सकेंगीं? सीता को शिक्षित करने के लिए गुरु सदानंद तो हैं ही। महर्षि याज्ञवल्क्य भी जनकपुर पधारते हैं। अतः उनसे भी समय-समय पर ज्ञान लाभ लिया जा सकता है।''

''शिक्षा का लाभ केवल बालकों के लिए क्यों हो सुनयना? बालिकाओं को भी शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। गुरु के आश्रम में जाकर शिक्षा ग्रहण करने से उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।'' राजा जनक ने कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### सरकार शराब बेचे, तो मास्टर क्यो न पीए

अखबार पढ़कर,
''कैसा जमाना आ गया है''?
अपने आप कहकर
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर !
आज हम नेता की नहीं,
शिक्षक की खबर सुना रहे हैं -
शिक्षा विभाग की निष्क्रियता के
नित नये कारनामे सामने आ रहे हैं।
बच्चों के भविष्य बनाने वाले
गुरूजी स्कूल आकर,
पढ़ाते हैं विद्यार्थियों को गुटखा खाकर।
और आश्चर्य की बात है यही
कि शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं।''
गजाधर मुस्कराए, बोले- बानी!
इसमें आश्चर्य की क्या बात?''
हम तो गुटखा गुरूजी को,
उस गुरूजी से अच्छा बताते है,
जो शराब पीकर स्कूल आते हैं।
और मदमस्त होकर पढ़ाते है,
हमने एक शराबी शिक्षक से कहा -
गुरूजी होकर क्यों 'पीते' हो यार!
तो उसने गर्व से कहा- 'देखो भाई'!
हम गुटखा नहीं खाते, पीते है,
क्योंकि शराब बेचती है अपनी सरकार।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### //चींटी रानी//

कॉप रही थी चींटी रानी।
ठंडा मौसम ठंडा पानी।।
दिखे नहीं ये सूरज दादा।
भूल गए क्या कर के वादा।।
कभी ज़रा अंबर को ताके।
सितम किया सर्दी ने आ के।।
चींटी फिर चींटा से बोली।
धीरे से अपना मुँह खोली।।
स्वेटर टोपी नहीं रजाई।
सर सर चलती है पुरवाई।।
होती है मुझको कठिनाई।
सर्दी का मौसम दुखदाई।।
चींटा को भी फिक्र सताई।
तब उसने तरकीब लगाई।।
पत्ती से कनटोप बनाया।
अपनी चींटी को पहनाया।।
देख चेहरा वह शरमाई।
चींटा को फिर गले लगाई।।
लगी नाचने चींटी रानी।
सुनो सुनाए ''प्रियू'' कहानी।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## स्मृतियां

### सड़क में गाय

लइका मन के हाथ में मोटर गाड़ी
चलावत हे, आंय-बांय-सांय
सड़क में चाहे आवय कोन्हो,
जरुरी हे, होना पूजाय
बिन काल के मरत हे, मनखे-तनखे
नइहे कोन्हो उपाय।
गऊ महतारी बिन मुंह के पूजाथे।
कोन्हो ल नी लगता हे हाय।
सुन्ना परगे गौठान, सड़क म मरत गाय
गउ माता सुरक्षा, योजना तुरते बनाय
महतारी वंदन योजना जइसन
उच्च शासन
गउ वंश ल घलो, भूख प्यास ले बचाय
आशा करबो ए योजना बनही साय साय।



पवन यादव 'पहुना', ग्राम सुंदरा

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी। अगर आप अपने बच्चों के लिए शादी का रिश्ता ढूंढ रहे है, तो आज आपको अच्छा रिश्ता मिलेगा।

**वृष राशि** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है। नए स्थान पर आपका बिजनेस ज्यादा ग्रो करेगा और आपके बेटे का करियर भी अच्छा बनेगा। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

**कर्क** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी। किसी मेहमान के घर पर आने से बच्चों में उत्साह दिखेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर जाकर कुछ देर जनसेवा का कार्य करेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए तैयार रहें। शुरू किए गए ज्यादातर काम पूरे हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपना रुतबा कायम रखेंगे। किसी समारोह का आयोजन होगा, जिनमे उनकी सहभागिता रहेगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। गाय को चारा खिलायें, घर में धन-धान्य की पूर्ति होगी।

**तुला** — आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे, शाम तक सब सही हो जायेगा। इस राशि के लवमेट अपने रिश्ते को लेकर सीरियस होंगे, घर पर बात करने का मन बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको वापिस मिल जायेगा, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा।

**धनु** — आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को देखकर आपके विरोधी आपकी हेल्प मांगेंगे। सब लोग आपके द्वारा किये गये कार्यों की तारीफ़ करेंगे।

**मकर** — आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा किसी प्रकार का मामला आज सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। रुका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परिक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

**मीन** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। आपको आज फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। माइग्रेन की समस्या के लिए आज आप किसी अच्छे डॉक्टर से मिलकर सलाह ले सकते है, आराम मिलेगा।

## कविता

### पड़ोसी और परिवार

नाराजगी बहुत कोमल होती है
अपनत्व का स्पर्श मिलते ही
समाप्त हो जाती है।
एक जमाना था जब पड़ोसी भी
परिवार का हिस्सा थे,
और आज एक ही परिवार में कई
पड़ोसी हो गये हैं ।।
अजीब खेल है उस परमात्मा का
लिखता भी वही है
मिटाता भी वही है
भटकाता है तो,
राह दिखाता भी वही है,
उलझाता भी वही है
सुलझाता भी वही है
जिंदगी की मुश्किल घड़ी में
दिखता भी नहीं है.. मगर..
साथ निभाता भी वही हैं।।
किसी को वही उपहार
और वही व्यवहार देना,
जो कभी वापिस लौट
कर आए तो बुरा न लगे!!
हारता है..
वह शख्स - जो शिकायतें,
बार-बार करता है,
जीतता है...
वही शख्स, जो कोशिशें,
हजार बार करता हैं।

अज्ञात

# वित्तीय अनियमितता की दोषी नारायणगढ़ सरपंच श्रीमति शैलेद्री जोशी बर्खास्त

**० उपसरपंच जाफर अली व ग्रामीणों की शिकायत पर जांच उपरांत एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई**

डोंगरगढ़(दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत नारायणगढ़ की सरपंच शैलेद्री जोशी पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की पुष्टि होते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ द्वारा तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। उपसरपंच जाफर अली व ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से सरपंच श्रीमती जोशी की शिकायत एसडीएम से की थी। विभिन्न चरणों में की गई जांच उपरांत सरपंच को सीधे तौर पर दोषी पाया गया।

एसडीएम मोहन मरकाम द्वारा दिए गए आदेश में कहा गया है कि, नारायणगढ़ निवासी श्रीमती मिलतीन बाई पति रामदयाल की निजी भूमि खसरा नंबर 1145/4 रकबा 1.11 एकड़ में से 0.61 एकड़ का विधिवत शासन के पक्ष में स्वत्व घोषित कराये बिना, बाजार क्षेत्र में मुर्मीकरण के नाम पर लाखो की राशि का वर्तमान सरपंच शैलेंद्र जोशी द्वारा बंदरबाट किया गया। जिसकी शिकायत गांव के पंच मिथिलेश, आसाराम, संतराम, जफ रअली सहित ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी



डोंगरगढ़ से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच की गई तथा प्रकरण में पेश प्रतिवेदन शिकायतकर्ता का बयान, प्रतिपरीक्षण संलग्न दस्तावेज से यह का अवलोकन एवं परीशील किया गया जिससे यह स्पष्ट है कि सरपंच नारायणगढ़ द्वारा मूलभूत के कार्य हेतु आवंटित राशि को शासन के बनाए नियम विरुद्ध मुर्मीकरण कार्य हेतु उपयोग किया गया जो गलत है तथा शासन के नियमों का उल्लंघन है। जो पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40(क), (ख) के तहत दोषी पाई गई, जिस पर कारवाही करते हुए श्रीमती शैलेद्री जोशी सरपंच ग्राम पंचायत नारायणगढ़ को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाता है!

### आखिरकार सत्य की जीत- उपसरपंच जाफर अली



नारायणगढ़ सरपंच शैलेद्री जोशी को शासकीय राशि के गड़बड़ी मामले में दोषी करार देते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया, ये खबर सुनते ही उपसरपंच जाफर अली, ग्रामीण मिथिलेश, आसाराम, संतराम, जफर अली, गोविंद जोशी, फग्गूराम जोशी, गंभीर निषाद, मधु, शहाबुद्दीन, राजू गोस्वामी, येतन, बोदु सिन्हा सहित ग्रामवासी नें इसे सत्य की जीत कहते हुए हर्ष व्याप्त किया।

# आवारा कुत्ते के काटने से 4 साल की बच्ची हुई घायल





**प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव के गांधी नर्सिंग होम में इलाज जारी**

डोंगरगढ़ (दावा)। घर के आंगन में खेल रही 4 साल की बच्ची पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से बच्ची के चेहरे में बड़ा घाव दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि, उसी दिन कुत्ते को दो मुर्गी के बच्चे को खाते देखा गया था। घटना आजाद वार्ड नंबर एक खुटापारा की है।

बच्ची के पिता महेश कुमार शांडिल्य ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया गया। स्थिति को देखते हुए बीएमओ डॉक्टर बी पी एक्का द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज कराने की सलाह दी गई।इसके पश्चात परिजनों की सलाह पर राजनांदगांव स्थित गांधी नर्सिंग होम के डॉक्टर अनिमेष गांधी से बच्ची का उचित उपचार कराया जा रहा है।बच्ची की हालत ठीक है।

# 80 किलो हाथभट्ठी महुआ शराब बनाने की तैयार सामग्री जप्त, आबकारी विभाग की कार्रवाई



डोंगरगढ़(दावा)। कल 19 दिसंबर को अज्ञात आरोपी की 80 किलो ग्राम हाथभट्टी महुआ शराब बनाने की तैयार सामग्री को आबकारी विभाग डोंगरगढ़ द्वारा जप्त किया गया। यह कार्रवाई घटना स्थल मराईकछार ग्राम बननारा कला नाला किनारे के पास की गई।

जप्त की गई सामग्री में 60 बल्क लीटर हाथभट्टी महुआ शराब, 80 किलो महुआ लाहन शराब बनने हेतु तैयार था। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(अ) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आबकारी उपनिरीक्षक उज्जवल कुमार सूत्रधर के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आरक्षक भोजराज बंजारे, आबकारी स्टाफ खेमचंद मांडवी, रोहित टेम्बुरकर सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## पहला कॉलम...

# आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय फ्लट लाइट प्रतियोगिता गंडई में

गंडई पंडरिया (दावा)। शहीद निकेश यादव की स्मृति में सारंग स्पोर्ट्स क्लब गंडई के तत्वाधान में आज 21 एवं 22 दिसंबर को



दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पुराना तहसील परिसर वार्ड 06 में किया गया है। आयोजक टीम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपये शहिद निकेश यादव की स्मृति में एवं दूसरा पुरस्कार 15000 रूपये भी सहित निकेश यादव की स्मृति में दिया जाएगा। इसके अलावा व्यक्तिगत पुरस्कार जिसमें बेस्ट स्मेशर, बेस्ट ब्लॉकर, बेस्ट बूस्टर, बेस्ट फील्डर, को मेमोन्टम भी प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता रहा है। आयोजक टीम के चेतन देवांगन, भिगेश यादव, लियाकत अली, दिलीप ओगरे, क्रांति ताम्रकार, नारायण चतुर्वेदी, मोहसिन खान, दीपक भट्ट, सभी ने क्षेत्र के खिलाड़ी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# गायत्री मंदिर में आज अखण्ड जप, कल होगा पांच कुण्डीय यज्ञ

**शक्तिपीठ वार्षिकोत्सव के अवसर पर**

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ के वार्षिक उत्सव अवसर पर आज 21 दिसंबर से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, पहले दिन शनिवार को 12 घंटे का अखण्ड जप तथा दूसरे दिन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार तथा श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया है।

जानकारी के अनुसार 1981 में परमपूज्य गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा के करकमलों द्वारा स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ का स्थापना हुआ था, उसके कुछ वर्षों बाद गुरूदेव के उत्तराधिकारी श्रद्धेय प्रणव पण्ड्याजी के करकमलों द्वारा मंदिर में प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा को प्रतिस्थापित किया गया है, अंचल में ऐसे इक्का दुक्का ही गायत्री मंदिर हैं, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा गुरूदेव के करकमलों द्वारा हुई है, स्थापना दिवस को प्रतिवर्ष मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर प्रथम दिवस 21 दिसंबर को सुबह 7 बजे से सायं 7 बजे तक अखण्ड जप का आयोजन तथा दूसरे दिन 11 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है. यज्ञ व पूर्णाहूति के बाद गायत्री शक्तिपीठ डोंगरगांव की संस्थापिका यशोदा महोबिया की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया है, समस्त कार्यक्रमों में गायत्री परिजनों सहित नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति के लिए कहा गया है।

# आज गणितज्ञ रामानुजन जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाया जाएगा

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय डोंगरगढ़ में अद्भुत गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाया जाना है। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा बाल मेला का आयोजन आज 21 दिसंबर दिन शनिवार दोपहर 12:30 बजे से किया गया है।

समस्त पालकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणित मेला व बाल मेला को सफल बनावे। गणित विषय में रुचि जागृत करने एवं गणित के भय को दूर करने के लिए विभिन्न पोस्टर चित्र, प्रमेय, मॉडल आदि द्वारा गणित के ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार लगा हुआ है।

# आज जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन पीएम नवोदय विद्यालय में

डोंगरगढ़(दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला राजनांदगांव के तत्वधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2024-25 का आयोजन दिनाक 21 दिसंबर दिन शनिवार को पीएम श्री नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में किया जाना है। युवा उत्सव प्रातः 10:00 बजे पीएम श्री नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित होगा।

युवा उत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिता में वाद्य यंत्र प्रतिभागी अपना स्वंय का ले कर आयेगे। विविध विधाए जिसमें लोक नृत्य (संख्या 10 होगी जिसमें सुआ, पंथी, करमा नाचा, सरहूल नाचा, बस्तर लोकनृत्य में शामिल होगे), लोक गीत (संख्या 10 होगी), व्यक्तिगत लोकनृत्य (संख्या 05 होगी), व्यक्तिगत लोक गीत (संख्या 05 होगी), कहानी लेखन, वक्तृत्व कला (तात्कालीक भाषण) चित्रकला (चित्रकला से संबधित साम्रगी स्वंय को लाना होगा), कविता विज्ञान मेला (व्यतिगत एवं सामूहिक दोनो शामिल होगे), हस्तशिल्प प्रतियोगिता शामिल होगी। इस युवा उत्सव में 15 वर्ष से 29 के प्रतिभागी भाग लेगे। प्रतियोगिता में चारों विकासखण्ड के लगभग 200 प्रतिभागी महिला एवं पुरुष खिलाडी भाग लेगे। देवेन्द्र अंबादे नोडल अधिकारी डोंगरगढ द्वारा उक्त जानकारी दी गई।

# खुले में शौच करने की बाध्यता से हुआ मुक्त - कमलेश

मोहला (दावा)। विकासखंड मानपुर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढब्बा निवासी कमलेश साहू को अब खुले में शौच करने की बाध्यता से आजादी मिल गई है। अब वह बिना किसी शर्म लज्जा के अपने घर में बने शौचालय का उपयोग कर रहा है। कमलेश से बात करने पर बताया कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है। पहले उनके घर में शौचालय नहीं होने के कारण वह बाहर शौच करने के लिए बाध्य होता था। उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में खुले में शौच करने से बहुत ही अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खास करके घर की महिलाओं को अत्याधिक तकलीफ के साथ ही एक सामाजिक लज्जा से गुजरना पड़ता था। उन्होंने बताया कि एक दिन ग्राम सभा के दौरान व्यक्तिगत शौचालय के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने शौचालय स्वीकृति हेतु विधिवत आवेदन दिया और उसके घर में स्वच्छ



भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय स्वीकृत किया गया। उनके घर में बनाने के लिए 12000 रूपये की राशि उनके खाते में जमा किया गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने शौचालय बनाकर अब बिना किसी परेशानी के अपने घर में दैनिक दिनचर्या के काम को कर प्रसन्न है। इसके लिए उन्होंने शासन प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पीएमश्री खैरागढ़ में वार्षिक खेल दिवस

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 19 दिसंबर 2024 को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा थे। एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने की। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज कैरियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं और विद्यार्थी जीवन में खेलकूद के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक एकाग्रता के स्तर में वृद्धि



होती है। अतः यह उनके कैरियर निर्माण में भी सहायक है। खैरागढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम ने अपने संबोधन में व्यक्तित्व विकास के लिए खेलों को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की भी महती भूमिका होती है।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ पहुंचने पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा का स्वागत प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार, शिक्षकों एवं विविध राज्यों की सांस्कृतिक वेशभूषा में विद्यार्थियों के एक दल और स्काउट गाइड विंग के द्वारा किया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने समूह खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच को देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। मैच के बाद उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई भी दी। कबड्डी के फाइनल मैचों में अंडर 14 आयु छात्रा वर्ग में टैगोर सदन, छात्र वर्ग में शिवाजी सदन, अंडर 17 आयु छात्रा वर्ग में शिवाजी सदन तथा छात्र वर्ग में अशोक सदन की टीम विजेता रही। छात्रों की 50 मीटर दौड़ कक्षा दूसरी छात्र वर्ग में अविश चौहान प्रथम, शिवांश सिंह राजपूत द्वितीय एवं हिरेंद्र कुमार वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में आशमा मोमिन प्रथम, प्रेरणा साहू द्वितीय एवं सूर्यांशी वर्मा तृतीय रही। कक्षा 3 की पोटैटो रेस में गुलशन कुमार प्रथम, पानशी विश्वकर्मा द्वितीय एवं सिद्धिका साहू तृतीय रहे।

इससे पूर्व उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय के खेल शिक्षक शिवम सुमन ने खेलकूद का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि नितेश कुमार गौतम ने ध्वजारोहण किया और मशाल प्रज्वलित की। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन की विधिवत घोषणा की।उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यालय के खिलाड़ियों को मशाल सौंपी। शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदन के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया।

# सुशासन के एक वर्ष पर शहीद परिवारो को किया सम्मानित

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी पुलिस द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केसीजी पुलिस द्वारा जिले के शहीद पुलिसकर्मी के परिवारों को सम्मानित किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने शहीद परिवार के सदस्यों को साल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल ने 20 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के शहीद आर. निकेश यादव के माता निर्मला बाई यादव एवं पिता पुरषोत्तम यादव व भाई उनि. (अ) ओकेश यादव को अधिकारियों की देखरेख में सम्मान आमंत्रित कर उन्हें साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

एसपी केसीजी ने शहीद परिवार के सदस्यों से कहा, छत्तीसगढ़ शासन, प्रशासन व पुलिस सदैव आपके साथ है। जिला पुलिस परिवार का मुखिया होने के नाते आपकी समस्याओं का निराकरण करने की



जिला प्रशासन व पुलिस सदैव आपके साथ है - एसपी त्रिलोक बंसल

जिम्मेदारी मेरी है। जब भी कोई समस्या हो तो बेहिचक अपनी समस्या मुझसे साझा करें जिसका यथाशीघ्र तत्काल निराकरण किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने शहीद परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम व रक्षित निरीक्षक के.देव राजू सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

### मानपुर में हुआ आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

मोहला (दावा)। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मानपुर में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि श्रीमती राधिका अंधारे, श्रीमती रेणु टांडिया, राजहंस मंडावी, सरपंच हरीश लटिया, ओमप्रकाश चांडक, राम केवल विश्वकर्मा द्वारा किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला गया और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधियों का एवं लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया। श्रीमती राधिका अंधारे एवं श्रीमती रेणु टांडिया द्वारा आयुष विभाग को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने पर बधाई दी।

# सुरगी स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता

राजनांदगाव (दावा)। ग्राम सुरगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के आदेशानुसार मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे कक्षा 9 वीं से लेकर कक्षा 12 की बालिकाये सम्मिलित हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्राचार्य एन.के.साहू और समस्त व्याख्यातागणो में योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, कु. वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजली साहू (प्रतियोगिता का निर्णायक) चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, आदि लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में कु मोनिका देवांगन पिता राजेश्वर देवांगन कक्षा 11 वी बायो प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर कु.जयश्री साहू पिता सर्वेश्वर दास कक्षा 11वीं बायो और तृतीय स्थान पर कक्षा 11 वीं गणित की छात्रा कु. मोनिका पटेल रही। प्राचार्य और समस्त व्याख्यातागणों ने विजयी बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए अपनी शुभकामनायें दिए है।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक एवं सुकुन देने वाली





राजनांदगांव (दावा)। शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में गेम चेंजर साबित हो रही है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने के साथ ही उनके लिए प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं आत्मनिर्भरता की बानगी है। जिले में महतारी वंदन योजना का असर प्रभावी, सकारात्मक एवं सुकुन देने वाली है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह महिलाओं के खाते में 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है, जिससे उनमें खुशी और उत्साह है। डोंगरगढ़ निवासी श्रीमती सकुन दोहतरे जनदर्शन में शामिल होने कलेक्टोरेट पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह गृहिणी है और उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है और वे इस राशि की बचत कर रही हैं। डोंगरगढ़ निवासी श्रीमती सरिता साहू ने बताया कि वह गृहिणी हैं और प्रतिमाह इस योजना के तहत प्राप्त राशि को अपनी बेटी के नाम से पोस्ट ऑफिस में जमा कर रही है। राजनांदगांव की वार्ड नंबर 1 नवागांव की श्रीमती सरिता यादव ने बताया कि वे स्वसहायता समूह से जुड़कर कार्य कर रही हैं और उन्हें इस योजना से आर्थिक मदद मिल रही है। वे इस राशि को भविष्य के लिए बचत कर रही हैं। सभी महिलाओं ने महतारी वंदन योजना एवं सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

**मुख्यमंत्री का महिलाओं ने किया धन्यवाद**

# बिहान दीदीयों ने रंगोली बनाकर शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहान के दीदीयों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित रंगोली बनाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और योजना से लाभान्वित होने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उत्कृष्ट रंगीली के लिए बिहान की दीदीयों को श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण वैष्णव, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा समूह के महिलाएं उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यो एवं योजनाओं की प्रगति के संबंध में ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक ली।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने महात्मा गांधी-नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जेम पोर्टल, जल संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की विस्तृत समीक्षा करते हुए ओडीएफ प्लस ग्राम





पंचायतों के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्य की धीमी प्रगति से नाराजगी जाहिर करते हुए कम प्रगति वाले कार्य के विकासखंडों को नॉटिस जारी करने तथा एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुसार कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया। उन्होंने समय-सीमा में विकास कार्य पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने जल संरक्षण व फसल चक्र परिवर्तन हेतु संगोष्ठि आयोजित करने एवं सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों का लगातार मॉनिटरिंग कर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा कर कार्यों में तत्काल प्रगति लाने निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला पंचायत के संबंधित सभी योजनाओं के प्रभारी अधिकारी एवं जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, योजनाओं के विकासखण्ड स्तर के अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं अन्य अधिकारी वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# कमला कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ललित कला प्रतियोगिता संपन्न

**राजनांदगांव(दावा)। शा. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर को ललित कला प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, महेन्दी, केश सज्जा, गिफ्ट पैकिंग, वेस्ट एंड बेस्ट, ग्रिटिंग कार्ड पूजा की थाली इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**



जिसके अंतर्गत गिफ्ट पैकिंग में प्रथम स्थान कु. पलक बाफना (बीएससी तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान कु. दिव्या शर्मा (बीएससी द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान में कु. उन्नति रामटेके (एमए प्रथम वर्ष) वेस्ट एंड बेस्ट में प्रथम स्थान कु. प्रिया सिन्हा (बीएससी प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान कु. करीना चंद्राकर (योगा प्रथम वर्ष) एवं सिमरन साहू (बीएससी प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान में कु. दिव्या साहू (बीएससी तृतीय वर्ष), उन्नति रामटेके (एमए प्रथम वर्ष) एवं मिली कोरी (बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय वर्ष) ग्रिटिंग कार्ड में प्रथम स्थान कु. तृप्ति लिलहारे (बीएससी तृतीय वर्ष) एवं खोमिन कोठले (बी. कॉम प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान पर कु. धनिता साहू (बीएससी तृतीय वर्ष), एवं दिपाली सोनपीपरे (बीएससी तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर कु. सृष्टि देशमुख (बीएससी तृतीय वर्ष), कु. मुस्कान खातुन (बीएससी तृतीय वर्ष), उन्नति रामटेके (एमए प्रथम वर्ष) एवं वैशाली खरे (बीएससी प्रथम वर्ष) हेयर स्टाईल में प्रथम स्थान कु. वीणा लटिया (बीएससी तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर कु. डोमेश्वरी चंदेल (बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर कु. दामिनी साहू (बीएससी प्रथम वर्ष), लक्ष्मी साहू (बीएसएसी द्वितीय वर्ष), पुजा की थाली में प्रथम स्थान कु. डिलीना चन्द्रवंशी (बीएससी द्वितीय वर्ष) एवं पलक बाफना (बीएससी तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान पर कु. द्विव्या शर्मा (बीएससी द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान संध्या साहू (बीएससी तृतीय वर्ष) एवं मेनका साहू (बीएससी द्वितीय वर्ष), मेहंदी में प्रथम स्थान कु. बेनूका भूआर्य (बीएससी द्वितीय वर्ष) तथा द्वितीय स्थान पर मिली कोरी (बीएससी गृहविज्ञान द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर प्राची वर्मा (बीए द्वितीय वर्ष) तथा हिना साहू (एमए तृतीय वर्ष) रंगोली में प्रथम स्थान कु. (बीएससी होम सांइस द्वितीय वर्ष), रही।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. हरप्रीत कौर गरचा, श्रीमती ममता आर. देव, डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, डॉ. बसंत कुमार सोनबेर उपस्थित रहे। निर्णायकगण के रूप में डॉ. निवेदिता ए. लाल, डॉ. बृजबाला उइके, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, डॉ. युगेश्वरी साहू, श्रीमती नीलम राम धनसाय, श्रीमती तारा ठाकुर, डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. दुर्गा शर्मा, श्रीमती शैलजा तिवारी, डॉ. चेतना गुप्ता, डॉ. मोना माखीजा, डॉ. पुजा चौधरी, कु. डाकेश्वरी साहू, सुरेन्द्र पटले, योगेन्द्र कुमार, कु. हर्षा कुशवाहा, कु. गीता साहू, श्रीमती शानवी, कु. प्रिया तलरेजा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन डॉ. रेनु त्रिपाठी, डॉ. अर्चना खरे के द्वारा किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

# सुशासन-लोकतंत्रीय राज व्यवस्था का सर्वोत्कर्ष-द्विवेदी

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी एवं शास. शिवनाथ महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा संस्था प्राचार्य क्रमशः डॉ. श्रीमती अंजना ठाकुर एवं डॉ. श्रीमती निर्मला उमरे के प्रमुख संयोजन-संरक्षण में समसामयिक महत्तम परिप्रेक्ष्य में 'सुशासन' विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि विशिष्ट विचार संगोष्ठी में नगर के विचारप्रज्ञ चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. द्विवेदी ने बताया कि सुशासन का सीधा-सरल-सामान्य अर्थ माना जाता है-शुभ, अच्छा, मंगलकारी, वस्तुतः सुशासन किसी राजनीतिक इकाई में लोक कल्याण एवं बहुजन हितकारी नीतियों-योजनाओं के माध्यम से अधिसंख्यजनों के लिए श्रेष्ठतम प्रबंधन के साथ-साथ कानून/न्याय का शासन सहजता से उपलब्ध कराना होता है। वास्तविकता में सुशासन लोकतंत्रीय राज-व्यवस्था का सर्वो-उत्कर्ष होता है। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि 'सुशासन' एवं सुशासन दिवस अपने समय काल में सर्वदा सर्वप्रिय एवं सर्वाधिक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती /जन्म दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में की गई थी। तत्समय से 'सुशासन राज व्यवस्था' में एक लोकप्रिय पहचान बन गई है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मान्यता अनुसार 'सुशासन' में नौ विशिष्टताएं समाहित होती है-विधि का शासन, समानता-समावेषण, अधिकाधिक भागीदारी, अनुक्रियता, सर्वमतैक्य-बहुहितीय, प्रभावशीलता, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और निष्पक्ष आंकलन।



डॉ. द्विवेदी ने सुशासन संदर्भ में वर्तमान प्रदेश-केन्द्र सरकार के लगभग एक वर्षीय शासन पूर्ण होने के संदर्भ में विभिन्न लोकप्रिय-लोकहितकारी कार्य योजनाओं को उनके जीवंत उद्धारणों (महतारी वंदन, किसान समृद्धि, हर गरीब को मुफ्त राशन, हर घर बिजली, नल, स्वच्छ भारत, हर घर शौचालय, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आवास योजना आदि) से अभिप्रमाणित भी किया। संगोष्ठी में प्राचार्यद्वय डॉ. अंजना ठाकुर, डॉ. उमरे, प्राध्यापकगणों में डॉ. लहरे, डॉ. कन्नौजे, डॉ. सहारे आदि ने भी प्रभावी वैचारिक सहभागिता की। संगोष्ठी का प्रारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन, वंदन से हुआ तथा समापन डॉ. द्विवेदी के प्रति श्रेष्ठ विचार संप्रेषण एवं मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में सक्रिय उपस्थिति-सहभागिता के लिए आभार प्रदर्शन से हुआ।

# सुशासन सप्ताह 2024 का शुभारंभ किया प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के सचिव वी श्रीनिवास ने

राजनांदगांव (दावा)। **सुशासन सप्ताह 2024 अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का सचिव प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार वी श्रीनिवास ने आज नई दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।**




19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का हो रहा आयोजन

इस अवसर पर प्रशासन गांव की ओर से संबंधित फिल्म का प्रसारण किया गया। इस दौरान प्रशासनिक सुधार महाराष्ट्र शासन के मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, असम शासन के मुख्य सचिव, प्रशासनिक सुधार बिहार शासन के प्रमुख सचिव द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के दिशा-निर्देशों का भी शुभारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों तक शासन की योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही जनसामान्य के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। सभी विभागों द्वारा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# पेंशनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह मुख्य अतिथि जिलाधीश महोदय, धमतरी अध्यक्षता वीरेन्द्र नाग जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण मिश्रा प्रांतीय संरक्षक, यशंवत देवान प्रांतीय अध्यक्ष, गंगा प्रसाद साहू पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण मिश्र संस्थापक 97 वर्षीय त्रिभुवन लाल साहू 95 वर्षीय, दीनदयाल साहू 93 वर्षीय आमंत्रित अतिथि छ.ग. विभूति सम्मान के सिलसिले में दिनांक 17 दिसम्बर दिन मंगलवार प्रातः 11 से 5 बजे तक स्थान साहू सदन भैसमुड़ी तह. शाखा मगरलोड जिला धमतरी में सम्पन्न हुआ। जिसमें छ.ग. प्रदेश के समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न जिला एवं तहसील अध्यक्ष, सदस्य उपस्थित हुए।



पेंशनरों का मसीहा डी.एस. नकारा का जन्म 8 अप्रैल 1914 में हुआ 8 अगस्त 1972 को सेवानिवृत्त पूर्व वित्त मंत्रालय में वित्तीय सलाहकार थे। उनकी निष्ठापूर्वक सेवाओं के फलस्वरूप उन्हें 6 माह की सेवा में वृद्धि दी गई। 95 वर्ष की आयु में दिनांक 29 जुलाई 2009 को अंतिम साँस ली। प्रांतीय अध्यक्ष यशंवत देवान ने संबोधित कर बताया कि 17 दिसम्बर पेंशनर दिवस पेंशन का इतिहास लगभग 150 वर्ष से भी अधिक पुराना है, रक्षा मंत्रालय में वित्तीय सलाहकार डी.एस. नकारा सितम्बर 1972 में सेवानिवृत्त हुए उन्हें भी अन्य पेंशनधारियों की तरह पेंशन प्राप्त करने समस्या का सामना करना पड़ा उन्होने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की एक लंबी कानूनी के बाद 17 दिसम्बर 1982 को न्यायमूर्ति यशवंत चंद्रचूड ने एक ऐतिहासिक फैसला दिया। पेंशन न तो उपहार है और न ही इनाम, पेंशन एक सेवानिवृत्त कर्मचारी का अधिकार है। वीरेन्द्र नाग जिला धमतरी ने संबोधित कर कहां कि देश का पेंशनर संगठन माननीय सर्वोच्च न्यायालय फैसले के बाद इसे अपने स्वाभिमान दिवस के रूप में पेंशनर दिवस के नाम से मनाने लगा है।

राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने संबोधित कर कहां कि सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान नई पीढ़ी को मार्गदर्शन अपनी एकता संगठन को मजबूत करने पर विचार वरिष्ठ साथियों का सम्मान पेंशनर्स को और अधिक संगठित करने व उनकी समस्याओं पर मंथन कर निराकरण के प्रयासों पर चर्चा करनी चाहिए तभी पेंशनर दिवस का महत्व बढ़ेगा। जिला धमतरी तह. शाखा मगरलोड में वहाँ के पदाधिकारियों द्वारा सभी पेंशनरों को नारियल व साल/गमछा देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी पेंशनरों का मन मोह लिया। जिला राजनांदगांव के पेंशनर्स साथी जिला धमतरी तह. शाखा मगरलोड स्थापना दिवस पर सम्मलित हुए जिसमें जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, संरक्षक एस.आर. केहरी, नगर अध्यक्ष पी.आर.साव, प्रचार-प्रसार मंत्री, सी.पी. कोसरिया, ए.के. कहार, आर.के. श्रीवास्तव, बी.डी. साहू, नारद सिंह घरडे, देवेश ठाकुर, रूप राम साहू, बांके सिंह ठाकुर,सी.पी. साहू, पी.एल. वर्मा, मनहरण साहू, कंवल राम साहू, बुधराम वर्मा, बहुर सिंह, ओ.डी. जागन्डे, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष ज्योतिष राम यादव, प्रवक्ता हीरालाल ढ़ोमने, संरक्षक जे.एल. पटेल, वाई के गहरवार कुल 18 पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार मंत्री सी.पी.कोसरिया ने दी।

# यूनिसेफ के नोनी जोहार कार्यक्रम में शामिल हुए युवोदय स्वयंसेवक

**राजनांदगांव (दावा)। यूनिसेफ द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस नोनी जोहार कार्यक्रम में पर जिले की स्वयं सेवक भी शामिल हुए, जहां उन्हें नैतिक मूल्यों की शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों की जानकारी मिली, साथ ही उन्हें मानसिक रूप से मजबूत कैसे रहे, इस पर भी चर्चा हुई।**



आयोजित कार्यक्रम में राज्य के अलग-अलग जिले से वालेंटियर शामिल हुए सभी अपने कार्यों का उल्लेख विभिन्न विधाओं के माध्यम से करके दिखा रहे थे। यूनिसेफ के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आयोजित कार्यशाला में राजनांदगांव जिले के दिव्या राजपूत जिला समन्वयक यूनिसेफ जिला राजनांदगांव के द्वारा जिले से युवोदय वॉलिंटियर कनिष्का पटेल, भारती यादव, दीपक कुमार, खिलेंद्र साहू, मोहित साहू, विनोद कुमार को शामिल कराया गया।

कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म के बारे में यूनिसेफ के विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि किशोर एवं किशोरियों में कम उम्र में ही मानसिक तनाव का शिकार होजाते है, इसे दूर करने सबंधित विस्तार से चर्चा हुई। कानून की बारीकियों को जाना और परखा साथ ही बालिकाओं के शक्ति सम्मान स्वाभिमान की थीम पर यूनिसेफ ने बालिकाओं को आगे ले जाने संबंधित जानकारी दी इसमें बाल शिक्षा, संतुलित आहार, एक खत अपने ख्वाबों पर आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही इस कार्यशाला में स्वयंसेवियों को विभिन्न खेलों के द्वारा नैतिक मूल्यों को सिखाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में अन्य विषय विशेषज्ञ भी उपस्थित हुए जिनके द्वारा अनेकों विषयों पर स्वयंसेवियों एवं अधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया।

# एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता - राष्ट्रीय सेवा योजना

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेट क्रॉस ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर रक्तदान एवं रक्त परीक्षण तथा प्रकृति परीक्षण अभियान किया गया। इस पूरे शिविर का आयोजन अभिलाषा ब्लड बैंक एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर के संबंध में प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने कहा कि रक्त की प्रत्येक बूंद जीवन का उपहार है लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्टोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा हार्ट अटेक के खतरे को बढ़ा सकती है नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित होती है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसे ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे लाने और जरूरतमंद की मदद हो सकेगी आज राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा यह रक्तदान किया गया।



प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसमें व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण जिम्मेदारीपूर्ण कर सकता है। वह लोगों का जीवन बचा सकता है, रक्तदान एक ऐसा दान है जो पुण्य के साथ-साथ जीवन में खुशहाली लेकर आता है, और आपका दान किया गया रक्त किसी को जीवन का एक और मौका देता है। एक दिन वह कोई करीबी रिश्तेदार, दोस्त, प्रियजन या आप भी हो सकते हैं। इसलिए आज का यह शिविर इन गंभीर आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रत्येक युवाओं को जागरूक करने की दृष्टि से किया गया है। महाविद्यालय के छात्रों ने विशेष रूप से छात्राओं ने भी रक्तदान किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.मनीष जैन, संजय अग्रवाल और आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है द्य रक्त दान शिविर एवं प्रकृति परीक्षण अभियान युवाओं में एक संदेश देगा।

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी नीतियों, जिद और झूठे वादों के कारण किसान सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद आई जिसमें किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के अस्पताल में भर्ती होने का मामला पंजाब सरकार और डॉक्टरों पर छोड़ दिया गया। किसान नेता दल्लेवाल अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 24 दिनों से अनशन पर बैठे किसान नेता की देखभाल की जिम्मेदारी पंजाब सरकार की है।

### किसानों का अनशन खत्म कराना सरकार की जिम्मेदारी

खरगे ने एक्स पर लिखा कि किसान स्वाभिमानी हैं क्योंकि वे देश का पेट भरते हैं। इस बार लाठी-भाजी, आंसू गैस, रबर की गोलियां, आंदोलनकारी और परजीवी जैसे अपशब्द काम नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि दल्लेवाल की बिगड़ती सेहत चिंता का विषय है। उनका अनशन खत्म करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

### कब पूरा करेंगे एमएसपी गारंटी का वादा?

खरगे ने सवाल किया, जब आपको तीन काले कानून वापस लेने पड़े, तो आपने एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के लिए एक कमेटी बनाने का ऐलान किया था, पूरा देश जानना चाहता है कि उस वादे का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उन्हें धोखा देना *(शेष पृष्ठ 6 पर..)*

## प्रथम पेज का शेष

**0 जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट....**

बातचीत करते हुए हादसे को बेहद दुखद बताया और कहा कि राज्य सरकार इसकी उचित जांच करायेगी। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। श्री शर्मा ने राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये एवं गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है।

**0 दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच करेगी संसद....**

पुलिस अधिकारियों की एक टीम अस्पताल में सारंगी और राजपूत से भी मिल सकती है और आगे की जांच के लिए उनके बयान दर्ज कर सकती है। उन्होंने कहा कि उनके मेडिकल प्रमाणपत्रों की रिपोर्ट एकत्र की जाएगी।

**0 आईपीएस जीपी सिंह ने दी ज्वाइनिंग...**

खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया था।

**वर्ष 2022 में मिली थी जमानत**

इस घटनाक्रम के बाद 9 जुलाई 2021 को जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की और उसमें सीबीआई जांच की मांग की थी। मामले की जांच के बाद 11 जनवरी 2022 को जीपी सिंह को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद उन्हें मई 2022 में उन्हें जमानत मिली थी। इस पूरे वाकये के बाद सर्विस रिव्यू कमेटी की सिफारिश पर 21 जुलाई 2023 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस जीपी सिंह को भारत सरकार ने कंप्लसरी रिटायर कर दिया था। जब आईपीएस को कंप्लसरी रिटायर करने का फैसला लिया गया था। तब उनकी सर्विस के आठ साल बचे थे।

**0 लोकसभा में अंबेडकर पर शाह की टिप्पणी....**

लेकिन अधिकांश समय शोर-शराबे और हंगामे की भेंट चढ़ गया. यह सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ और 19 बैठकों के साथ 17 दिसंबर को समाप्त हुआ. संसद में कामकाज में गिरावट का यह सिलसिला नया नहीं है. अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र की प्रोडक्टिविटी 135 प्रतिशत थी, जबकि 17वीं लोकसभा ने 15 सत्रों में से 11 सत्र समय से पहले स्थगित किए.

संसद की बैठकों की संख्या में भी वर्षों से कमी आ रही है. पहली लोकसभा में साल में 135 बैठकें होती थीं, जबकि पिछली लोकसभा में यह संख्या घटकर 55 रह गई. न केवल बैठकों की संख्या घटी है, बल्कि सांसदों के निलंबन में भी वृद्धि हुई है. पहली लोकसभा में केवल एक सांसद का निलंबन हुआ था, जबकि सत्रहवीं लोकसभा में यह आंकड़ा 115 तक पहुंच गया. बिलों को स्टैंडिंग कमेटी में भेजने का प्रतिशत भी गिरा है. 17वीं लोकसभा में केवल 16 प्रतिशत बिल ही स्टैंडिंग कमेटी को भेजे गए, और कई बिल एक घंटे से भी कम समय में पारित हो गए.

**संसद की गरिमा बनाए रखने का आह्वान**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की गरिमा बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया. अठारहवीं लोकसभा के तीसरे सत्र के समापन पर उन्होंने सदस्यों को संसद के भीतर और बाहर मर्यादा का पालन करने की अपील की. उन्होंने यह भी कहा कि संसद के द्वार पर धरना या प्रदर्शन करना अनुचित है. वर्तमान स्थिति में संसद की उत्पादकता और गरिमा बहाल करना देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है.

**0 लाठी डंडे और आंसू गैस नहीं आएंगे काम...**

देश को धोखा देना है।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य अधिकारियों से 2 जनवरी तक दल्लेवाल की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो राज्य सरकार कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है। किसान नेता 26 नवंबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। इन मांगों में फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी भी शामिल है।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के किसान भी 13 फरवरी से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। दिल्ली की ओर मार्च करने से सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया था।

# नगरीय निकाय पेंशनरों ने मनाया पेंशनर दिवस

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के नगर निगम एवं नगर पालिका के पेंशनरों ने प्रांताध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन के आमंत्रण पर 17 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम रायपुर में स्थित संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन के कार्यालय के नीचे सभागार में गरिमापूर्वक पेंशनर दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनर दिवस के अवसर पर संघ का साधारण सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राजनांदगाँव, महासमुंद, तखतपुर, मुंगेली, सक्ती, धमतरी, भाँटापारा, नैला, तिलदा नेवरा, बाग़बाहरा, कांकेर, गोबरा-नवापारा के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू, सहायक संचालक शिनु भारती एवं प्रांताध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि श्री साहू को टीका लगाकर एवं माल्यार्पित कर स्वागत किया गया। उन्होंने सहायक संचालक का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि एवं प्रांताध्यक्ष द्वारा सम्मेलन में उपस्थित सभी पेंशनरों का स्वागत टीका लगाकर एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित पेंशनरों ने अतिथियों एवं प्रांताध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

पेंशन दिवस पर प्रकाश डालते हुए प्रांताध्यक्ष डॉ.जैन द्वारा यह बताया गया कि भारत में पेंशनर दिवस का शुरुआत 1983 से किया गया। पेंशनर दिवस माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 17 दिसम्बर 1982 को डी.एस. नकरा विरूद्ध यूनियन ऑफ़ इंडिया प्रकरण पर दिनांक 17 दिसम्बर 1982 को दिये गये सर्वसम्मत निर्णय की याद में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि डी.एस. नाकरा पूर्व डिफ़ेंस मिनिस्ट्री ऑफिसर थे जिन्होंने पेंशनरों के हक़ के लिए 1979 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी, जिसका निर्णय 17 दिसम्बर 1982 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं पेंशन भोगियों को सम्मान और शालीनता की गारंटी देता है। उन्होंने नगरीय निकाय पेंशनरों को पेंशन देने के संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश शासन के समय 1972 से की जाती रही तथा कई बार पेंशनरों द्वारा आयोजित धरना आंदोलन के फलस्वरूप 1975 से पेंशन नियम लागू किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में पेंशनरों की कठिनाईयों का जिक्र करते हुए उसके निवारण हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव एवं संचालक से भेंट करने की बात कही।

मुख्य अतिथि लोकेश्वर साहू ने पेंशनरों को संबोधित करते हुए उनकी समस्या का निवारण विभागीय स्तर पर करने का आश्वासन दिया तथा उन्होंने प्रांताध्यक्ष डॉ.जैन द्वारा लंबे अरसे से पेंशनरों के हित में किए गये कार्यों की सराहना की। सहायक संचालक शिनु भारती ने भी पेंशनरों को संबोधित किया। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम सत्र का समापन किया गया।

पेंशनर संघ के द्वितीय सत्र में नगरीय निकाय पेन्शनर संघ का वर्ष 2023-24 के आय-व्यय पर स्वीकृति दी गई। दूसरे प्रस्ताव में नगरीय निकाय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उनके नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त करने बाबत् शासन से माँग करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य विषयों पर विचार कर सर्वसम्मिति से स्वीकृत किया गया। नगर निगम धमतरी, राजनांदगांव तथा महासमुंद के प्रतिनिधियों ने पेंशनर दिवस के आयोजन तथा नगरीय निकाय पेंशनरों के समाधान के लिए प्रांताध्यक्ष डॉ.जैन द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। प्रांताध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कर आयोजन को सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचाने के लिये पेंशनरों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ओबीसी वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण में कटौती अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य - विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा छत्तीसगढ़ राज पत्र में दिनांक 3 दिसंबर 2024 को प्रकाशित आरक्षण नीति में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। यह स्थिति राज्य के ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय और उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है।**

विष्णु लोधी ने कहा राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यदि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण कुल मिलाकर 50% तक पहुंच जाता है, तो ओबीसी वर्ग का आरक्षण घटकर शून्य हो सकता है। यह नीति न केवल ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, बल्कि उनकी राजनीतिक, सामाजिक, और आर्थिक प्रतिनिधित्व को भी प्रभावित करती है।



आरक्षण का लाभ नहीं मिला तो न्यायालय में याचिका दायर की जायेगी

आरक्षण का लाभ नहीं मिला तो न्यायालय में याचिका दायर की जाएंगी ओबीसी वर्ग को न्यूनतम 27% आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। राज्य में आरक्षण की समीक्षा करते हुए सभी वर्गों के लिए न्यायसंगत और संतुलित नीति लागू की जाए। संविधान के 50% आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से संशोधन की मांग की जाए।यदि ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता, तो इसके खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की जाए। विष्णु लोधी ने कहा ओबीसी वर्ग की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आरक्षण उनका संवैधानिक अधिकार है। यदि उन्हें न्यूनतम 27% आरक्षण नहीं दिया जाता, तो यह उनके विकास के मार्ग को बाधित करेगा। यह नीति ओबीसी वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में उन्हें प्रतिनिधित्व देने में विफल है।विष्णु लोधी ने कहा हम ओबीसी वर्ग के सभी लोग इस नीति का पुरजोर विरोध करते हैं। हम राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि ओबीसी वर्ग को न्यायसंगत आरक्षण सुनिश्चित करें। यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# नेहरू महाविद्यालय द्वारा मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के इतिहास विभाग में 19 दिसम्बर गुरूवार को गुरु घासीदास जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई व्ही रेवती ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव-मानव में भेदभाव का विरोध करते हुए गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आधुनिक युग के क्रांतिकारी संत थे। शासन ने उनके नाम पर,सामाजिक चेतना-न्याय जागृत करने के लिए घासीदास जी के सम्मान में पुरस्कार स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ में 18 दिसंबर से घासीदास जी की जयंती व्यापार स्तर पर उत्सव के रूप में पूरी श्रद्धा के साथ मनाई जाती है।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी ने कहा कि गुरु घासीदास दास जी के दर्शन का आधार सत्य है। जिसे हम सतनाम दर्शन के नाम से भी जानते हैं। सत्य, अहिंसा, सदाचार, भाईचारा, समता ,गुरु घासीदास के दर्शन का सामाजिक और नैतिक पहलू है ।



घासीदास के जीवन दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे

घासीदास जी ने निर्गुण भक्ति को अपनाया। छत्तीसगढ़ में घासीदास संत परंपरा के महान संत थे। घासीदास जी के जीवन दर्शन ने लाखों लोगों के जीवन में उजाला लाया। अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम ने कहां कि सतनामियों का प्रथम उल्लेख इतिहास में औरंगजेब के शासनकाल में सतनामियो का विद्रोह के रुप सामने आता है। छत्तीसगढ़ में सतनाम परंपरा के संस्थापक गुरु घासीदास थे। इस पंथ के लाखों अनुयाई छत्तीसगढ़ में रहते हैं ,जो घासीदास के सप्त सिद्धांतों का पालन करते हैं। घासीदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंथी गीत व नित्य, साधन है।

गुरू घासीदास जी की जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कु. हसीना कंवर, कु. अमृत सहारे, कु. श्रुति धमगाये ,कु.शिवानी सिन्हा और राकेश पटेल ने भाग लेकर घासीदास के जीवन दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एवलाल मेश्राम ने किया।

# भाजपा कार्यकर्ता तैयार, नगर निकाय चुनाव में जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प - शिव वर्मा

राजनांदगाँव (दावा)। **वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नगर निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर एक सशक्त और प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर वार्ड में सक्रिय होकर जनता की समस्याओं के समाधान और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।**



श्री वर्मा ने कहा, शहर की जनता का विश्वास भाजपा पर है, और हम उनके इस विश्वास को हर हाल में कायम रखेंगे। नगर निगम में भाजपा की स्पष्ट नीति और विकासशील दृष्टिकोण से शहर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वो संगठन की एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में उतरें और जनता को यह विश्वास दिलाएं कि भाजपा ही उनके हितों की सच्ची प्रहरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले कार्यकाल में भाजपा ने शहर के विकास के लिए जो ठोस कार्य किए हैं, वो जनता के सामने लाने की आवश्यकता है। साथ ही हर घर तक पहुंचकर लोगों को यह भरोसा दिलाना होगा कि भाजपा ही उनके सपनों का शहर बनाने में सक्षम है।

हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता की सेवा और शहर का समग्र विकास है। हर कार्यकर्ता को इसके लिए जी-जान से जुटना होगा। यह प्रेस विज्ञप्ति भाजपा कार्यकर्ताओं और शहरवासियों के लिए एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से कोपेडीह के ग्रामीणों ने लगाई गुहार

राजनांदगांव (दावा)। **जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाला ग्राम कोपेडीह की ग्रामीणजन छत्तीसगढ़ शासन के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात किया और ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात द्वारा स्पंज आयरन फैक्ट्री निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई।**



कल्याणी इस्पात स्पंज आयरन फैक्ट्री निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

उन्होंने बताया कि ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात के द्वारा स्पंज आयरन कंपनी लगाने के लिए निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके लिए दिया गया एनओसी को ग्राम सभा द्वारा शून्य (निरस्त) किया जा चुका है जिसकी सूचना कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है इसके बावजूद भी कल्याणी इस्पात द्वारा मनमाने तरीके से निर्माण कार्य चल रहा है।

ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष से निवेदन किया कि उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए तत्परता से कार्रवाई करते हुए आदेश किया जाए साथ ही निर्माण कार्य को रुकवाया जाए। डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपते हुए सरपंच श्रीमती यमुना साहू, संजीता यादव, इंदुमती साहू, चंद्रकांत राजू साहू, सुकलिया, सरोज साहू, ओमेंद्र कुमार, रिसीकांत लेखराम, चंद्रकांत साहू, भोला राम, सुशील साहू, उलेश्वर साहू, कुचेराम, तुलसीराम, बसंत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# ग्राम मदनपुर के किसानों को किया जैविक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

डोंगरगढ़ (दावा)। जैविक खेती को बढ़ावा देने और रसायनिक खाद व उर्वरक के उपयोग से बचने शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी ने मोहरा ब्लाक के ग्राम मदनपुर में किसान सम्मेलन का आयोजन कर जैविक खेती से संबंधित शंकाओं का समाधान किया। कंपनी के सहायक कृषि सेवा अधिकारी बीपी यादव ने कहा कि रसायनिक खाद और दवाइयां खेतों में डालने से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होती जा रही है। बेहतर उत्पादन की आस मे इसके 'यादातर प्रयोग और उत्पादित अनाज के प्रयोग से मानव शरीर मे विभिन्न बीमारियां घर कर रही है। उन्होने सम्मेलन मे मौजूद किसानो से खेतों में कंपनी के जैविक उत्पादो का 'यादा मात्रा में प्रयोग करें ताकि पर्यावरण संरक्षित करके अधिक लाभ कमा सके। बीपी यादव ने बताया कि



रसायनिक खाद और दवाइयां डालने से जमीन में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणु नष्ट हो रहे हैं जो फसल उत्पादन पर घातक असर डालता है। सम्मेलन मे कंपनी के राजेश छीपेकर ने जैविक खेती को लेकर किसानो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जैविक प्रोडक्ट डालने से जमीन की उर्वरा शक्ति में सुधार होता है और अ'छी पैदावार होती है। किसानों ने अच्छी सख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

# बादराटोला में नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी शिविर का आयोजन, आयुष काढ़ा का किया वितरण

राजनांदगांव(दावा)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में 19 दिसंबर को एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला बादराटोला में आयोजन, जिसमें निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी शिविर का आयोजन व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि हीरेंद्र साहू (अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा), बोधन साहू (मंडल अध्यक्ष), दिग्विजय साहू (मंडल कोषाध्यक्ष) टुमेश कुमार साहू (मंडल उपाध्यक्ष) श्रीमती पार्वती दिलेश्वर साहू (जनपद सदस्य), महेश दास सोनवानी (पूर्व जनपद सदस्य) श्रीमती उषा चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत बादराटोला, हेमंत कौशल सरपंच पड़गुड़ा, रेवाराम यादव सरपंच बागद्वार, टुमेश्वर ठाकरे उपसरपंच बादराटोला, लुकेश कुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष बादराटोला, नलेद्र कुमार साहू, गेंदलाल मंडल, मनबोध दास साहू, फगन सिरदार, अजरमा पटोती, मंथिर साहू, दिलेश्वर कौशिक ग्रामीण सचिव बादराटोला एवं ग्राम के समस्त पंचगण व ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, एवं समस्त स्टाफ के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर किया गया।



जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर शासन के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचाने के प्रयासों को खूब सराहना किया। इस शिविर में कुल 527 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद / होम्योपैथी औषधी एवं आयुष काढ़ा प्रदान कर 32 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया। निःशुल्क औषधि वितरण के साथ ही शिविर में निःशुल्क बी.पी., शुगर एवं नेत्र की भी जाँच किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ वर्षा नागवंशी, डॉ. प्रीति बोरकर, डॉ. मधु बंछोर, डॉ. रेखा साहू, डॉक्टर प्राजंलि शुक्ला कर, आदि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, देवदास साहू, बसंत राजपूत, धीरजी राम सिंन्हा, विसाहू सिंह ठाकुर,फ़ार्मासिस्ट, तोमन लाल ठाकुर,भोगराम चंद्रवंशी, दीपक कुमार कोर्राम, गजेंद्र ठाकुर, औषधालय सेवक, शंकर लाल कंवर, सुरेश पटेल, छगनराम वर्मा (योग प्रशिक्षक), खिलेश नेताम (लैब टेक्नीशियन), परसराम साहू (नेत्र सहायक), कृति लाल यादव (नेत्र प्रेरक) इत्यादि ने अपनी सेवाये दी।

# छात्रों ने दी संगीत विश्वविद्यालय में रानी दाई नाटक की शानदार प्रस्तुति

खैरागढ़ (दावा)। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्रों ने इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में रानी दाई नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। प्रसिद्ध लेखक नंदकिशोर तिवारी द्वारा रचित रानी दाई नाटक छत्तीसगढ़ के डभरा तहसील के समीप एक गांव की कहानी है। जिसे देखने दर्शकों की भीड़ लगी रही।

उक्त कार्यक्रम की प्रस्तुति इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के सहयोग से रविवार 15 दिसंबर व सोमवार 16 दिसंबर को दी गई। कार्यक्रम के प्रथम दिन मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में रानी दाई नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसे देखने जिला न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल व साहित्यकार डॉ.जीवन यदु सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता लोक संगीत एवं कला संकाय व विभागाध्यक्ष थियेटर डॉ.योगेन्द्र चौबे ने किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस इसी नाटक को अलग माध्यम से पेश किया गया जिसमें नारी जीवन की व्यथाओं को नाटक के माध्यम से लोगों के समक्ष रखा गया। द्वितीय दिवस अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ.पी सी लाल यादव, दृश्यकला संकाय के अधिष्ठाता प्रो.डॉ. राजन यादव व सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित दर्शकगण मौजूद रहे। जिन्होंने कार्यक्रम की खूब सराहना की। रानी दाई नाटक के संगीत,



+ नाटक को देखने दर्शकों की लगी रही भीड़
+ छात्रों के इस नाट्य मंचन को अतिथि सहित दर्शकों ने सराहा

परिकल्पना एवं निर्देशन अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष थियेटर डॉ. योगेन्द्र चौबे ने किया। वहीं सहायक निर्देशक शैलेन्द्र कुशवाहा रहे। यह नाटक एक स्त्री के पुरूष के प्रति प्रेम, करूणा, दया, ममता और विश्वास को रेखांकित करने वाला नाटक है।

## छात्रों ने छत्तीसगढ़ी भाषा में दी नाटक की प्रस्तुति

नाटक की खास बात यह रही कि मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय में अलग-अलग प्रांत के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में नाटक की प्रस्तुति दी गई।। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निर्देशक टीकम जोशी के निर्देशन में इन छात्रों ने एक माह तक विश्वविद्यालय में रूककर छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति सहित यहां की लोकनृत्यों, लोकगीतों का अध्ययन किया और इसे अपनाया। मात्र एक महीने में ही इन छात्रों ने छत्तीसगढ़ी भाषा का अध्ययन कर इस नाटक की प्रस्तुति दी है,जिसे खूब सराहा गया। डॉ. योगेन्द्र चौबे ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति 19 एवं 20 दिसंबर को भोपाल के रविन्द्र भवन में दी जायेगी।

रानी दाई नाटक में मंच पर उज्जवल सिंह, शुभम शर्मा, ज्योत्सना कटारिया, रौनक लोढ़ा, रितिका गुप्ता, शिवांजलि गजभिये, अजय सिंह, रोहित सिंह जाटव, कुणाल चावड़ा, सोनू कुमार, राहुल पटेल, चैतन्य सोनी, अनिकेत, सचीन्द्र शुक्ला, अरूण कुमार, खुशी प्रजाति, मोनिका विश्वकर्मा, भवनीत, श्रुति रैकवार, पंकज कुमार, विनायक कुमार, अभिषेक सिसौदिया, कैलाश राजुके, अंकित ने अलग-अलग किरदारों में अपना अभिनय प्रस्तुत किया।इसी प्रकार मंच से परे हारमोनियम पर डॉ.परमानंद पांडेय, तबला/मांदर में ज्ञानेश्वर टांडिया, बांसुरी/शहनाई/बांस में भुवनेश्वर यादव, बेंजो में राहुल यादव, मंच एवं प्रकाश परिकल्पना प्रवीण नामदेव, प्रकाश सहायक सागर गुप्ता, सहायक अंकित, विनायक, पंकज, कैलाश, कुणाल, सोनू, शुभम व श्वेता रही।

## बैठक सम्पन्न, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

राजनांदगाँव (दावा)। आज बुधवार, 18 दिसम्बर को छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा राजनांदगाँव कार्यकारिणी की एक सभा आहूत की गयी थी। संघ के प्रमुख संरक्षक पी.आर. यादव तथा प्रान्ताध्यक्ष जी.आर. चंद्रा के मार्गदर्शन व निर्देशन में तथा प्रदेश महामंत्री विजय लहरे व दुर्ग संभाग के अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई इस सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार देवांगन ने की।

# शासन के एक वर्ष पर दिग्विजय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की प्राचार्या मेजर डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अनिता शंकर के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग के द्वारा19 दिसंबर को 'विगत एक वर्ष में शासन के द्वारा कतिपय जनहितकारी योजनाओं से जनसामान्य लाभान्वित हुए हैं- पक्ष एवं विपक्ष' विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही विषयों पर अपनी राय बहुत ही अच्छे तरीके से रखे।

उपरोक्त प्रतियोगिता में पक्ष में भागवत वर्मा प्रथम, विनोद टेंभुरकर द्वितीय एवं खिलेश्वरी साहू तृतीय स्थान पर तथा विपक्ष में विनय वासनिक प्रथम, जगन्नाथ तिवारी द्वितीय एवं मनीष तांडेकर तृतीय स्थान पर रहे। डॉ.नीलू श्रीवास्तव, डॉ.अनिता साहा एवं डॉ.नीलम तिवारी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।

# वित्तीय साक्षरता कार्यशाला में छात्र-छात्राओं द्वारा बैंक सर्विस से संबंधित विस्तारपूर्वक चर्चा की

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यशाला तृतीय दिवस का प्रथम सत्र में अभिषेक शर्मा शाखा प्रबंधक एक्सिस बैंक डोंगरगढ द्वारा बैंकिंग सर्विस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। प्रश्न काल के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बैंक सर्विस से संबंधित एटीएम कार्ड बीमा , डी बी टी ,बारकोड ,आधार सीडलिंग, के सी सी, एजुकेशनल लोन इत्यादि सेवाओं के संबंध में पूछा गया प्रश्नों का जवाब शाखा प्रबंधक ने सरल और सहज शब्दों में बताया। द्वितीय सत्र में डॉ मनोज कुमार रंगारी सहायक प्राध्यापक शासकीय वीरांगना



अवंती बाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला द्वारा वित्तिय जोखिम एवं आर्थिक मंदी विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। वित्तीय साक्षरता कार्यशाला समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एल एस गजपाल समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला इकाई पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना विशिष्ट अतिथि डॉ. के गजपाल, कार्यशाला की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. आर के ठाकुर उपस्थित थे।

डॉ एल एस गाजपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यशाला में प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को ब्रांड एम्बेसडर बनकर अपने परिवार और जनसमुदाय तक वित्त साक्षरता की जानकारी पहुंचाने का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किए । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर द्वारा उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निकट भविष्य में इस तरह के कार्यशाला का अयोजन किया जाएगा के लिए आश्वस्त किए। प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। परियोजना प्रभारी डॉ सुनील कुमार कुमेटी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर तथा प्रशासनिक सहायक श्री दीपक कुमार साहू को कार्यशाला की सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से अरुण कुमार साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया द्य समापन कार्यशाला में डॉ हेमलता गायकवाड, सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे,सूर्यकांत वर्मा , राजेश चक्रधारी आदि उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास लोककला महोत्सव में पंथी नृत्य प्रतियोगिता में कलकसा दल प्रथम

खैरागढ़ (दावा)। गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव के तहत् जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन मिनीमाता भवन दाऊचौरा में आयोजित किया गया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में विष्णुदेव सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब के अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना के तहत जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता और अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन मिनीमाता भवन दाऊचौरा में किया गया। जिसमें भव्य शोभा यात्रा, जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता एवं सद्भावना मैत्रीभोज का आयोजन किया गया। जिसमें 14 पंथी नृत्य



o अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का भी किया गया आयोजन
0 प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को पुरस्कार की राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर किए गए सम्मानित

दलों ने भाग लिया।

उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्य के प्रकाश पंथी नृत्य दल ग्राम कलकसा, द्वितीय स्थान संत शक्ति पंथी नृत्य दल ग्राम केकराजबोड़ और तृतीय स्थान सतनाम सितारा पंथी नृत्य दल ग्राम दामरी के द्वारा प्राप्त किया गया। जिन्हें अध्यक्ष जिला सतनामी समाज खुमान देशलहरे एवं अतिथियों के द्वारा विजेताओं को क्रमशः प्रथम पुरस्कार की राशि 5000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार की राशि 3000 रूपये और तृतीय पुरस्कार की राशि 2000 रूपये के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजनांदगांव विकांत सिंह, राजमहंत्त किशुन दास मिर्चे, जिला पंचायत सदस्य व सभापति धम्मन साहू, पार्षद विनय देवांगन, लिमेशवरी साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज टिलेश्वर साहू, संरक्षक जिला साहू संघ बिशेसर दास, जिलाध्यक्ष संत रविदास समाज संतोष टांडेकर, जिलाध्यक्ष मुस्लिम समाज सज्जाक खान, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग देवेन्द्र पटले सहित समस्त सतनामी समाज के सत समाज राजमंहत, जिला अधिकारी कर्मचारी ब्लॉक महंत, सेक्टर महत, समस्त भंडारी उपस्थित थे।

# शहर में धूमधाम से निकली मां गायत्री की शोभायात्रा, आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होगी पुनर्प्राण प्रतिष्ठा





राजनांदगांव (दावा)। गायत्री शक्तिपीठ में वेदमाता गायत्री की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर शहर में 351 मंगल कलश के साथ धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गायत्री मंदिर से विशाल रथ में विराजित वेदमाता गायत्री की प्रतिमा के साथ निकाली गई शोभायात्रा में सिर में 351 मंगल कलश धारण किए पीत वस्त्रधारी ब्रह्मवादिनी महिलाएं शहर में शुभ- मंगल का दृश्य सृजन कर रही थी वहीं शोभायात्रा में डमरु वादन, झांझ वादन, राउत नृत्य, आदिवासी नृत्य अनुपम दृश्य रच रहा था।

धूमधाम के साथ नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान गायत्री वेदमंत्र भी गुंजायमान रहे। शोभायात्रा में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, कोमल सिंह राजपूत, मनोज बैद, राजा माखीजा, पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, संतोष पटाक, पवन डागा, जयंती भाई पटेल, डॉ. अरुण मढ़रिया, प्रफुल्ल परमार, नरेंद्र लोहिया, मुरलीधर चौधरी, हिरेन ठक्कर, डॉ. दुलेश्वर, भेषराम, सालिगराम आदि बड़ी संख्या में गायत्री परिवार सहित सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का धूमधाम से नगर भ्रमण के पश्चात पुनः शक्तिपीठ पहुंचने पर मां गायत्री की शंख घड़ियाल, घंटा निनाद के साथ महाआरती की गई। तत्पश्चात माहेश्वरी भवन में सभी आगतजनों के लिए माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महाप्रसादी भोज-भंडारा आयोजित रही।

### दो दिनों तक रहेगी 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की रहेगी धूम

### आज होगी मां गायत्री की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उपट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि दुल्हन की तरह सजी नव-निर्मित गायत्री मंदिर में आज सुबह 6 बजे से धूमधाम के साथ वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच वेदमाता गायत्री प्रतिमा की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। वहीं 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न किया जाएगा। मंदिर में शाम को सैकड़ों दीपों का दीपयज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश, पुरोहित सुखनंदन, नृपाराम, देवशरण आदि ने बताया कि आज 21 दिसंबर शनिवार को मंदिर में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य कार्यक्रम आयोजित है वहीं कल 22 दिसंबर रविवार को पुनः 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ बीच पुंसवन संस्कार, नामकरण, अन्नप्रासन, विद्यारंभ आदि विभिन्न संस्कार सम्पन्न किए जाएंगे। वेदमाता गायत्री की पुनः प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह अवसर पर सभी गायत्री परिजनों व समस्त सनातन धर्मी/हिंदू धर्मावलंबियों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# दिगंबर जैन समाज के अशोक झांझरी पुनः अध्यक्ष, सचिव सूर्यकांत जैन निर्वाचित



राजनांदगांव (दावा)। आज 20 दिसंबर दिन शुक्रवार को दिगंबर जैन पंचायत राजनांदगांव का चुनाव सानंद संपन्न हुआ।

जिसमें अशोक झांझरी तीसरी बार समाज के अध्यक्ष चुने गए, वहीं सचिव पद पर सूर्यकांत जैन निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर सुधेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल बड़कुल, सहसचिव पंकज जैन निक्की, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूनम जैन एवं राजीव जैन निर्वाचित हुए निर्वाचन की प्रक्रिया वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा एवं प्रकाश सांखला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में उक्त चुनाव संपन्न हुआ।

सभी जीतने वाले निर्वाचित पदाधिकारी को पूरी जैन समाज ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की इसके पश्चात राजनांदगांव में विराजमान आर्यिका सौभाग्यमती माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। निर्वाचित सभी पदाधिकारी ने समाज के सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद व्यापित किया और पूरी प्रक्रिया में सहयोग के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक झाझरी में आभार व्यक्त किया।

# भाजयुमो ने किया कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजयुमो के आव्हान पर शुक्रवार को शाम पांच बजे स्थानीय महावीर चौक में कांग्रेस पार्टी का पुतला जिला युवा मोर्चा द्वारा जलाया गया। इस दौरान राहुल गांधी मुर्दाबाद व कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के जमकर नारे लगे, भाजयुमो कार्यकर्ताओ ने कहा की देश के संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़ मरोड़ कर बयान का फर्जी वीडियो बनाकर कांग्रेस ने बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान किया है बल्कि देश की जनता को दिग्भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास भी किया है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा देश के गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब अंबेडकर जी एवं संविधान पर दिए गए बयान पर फर्जी वीडियो बनाकर भाजपा की लोकप्रिय छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के इस गिरे हुए चरित्र व घटिया हरकत को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध स्वरूप कांग्रेस एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया है। मोनू ने कहा कि अमित शाह ने सदन में यह बताया कि कांग्रेस ने संविधान और बाबा साहब के विषय मे क्या किया वो इसका उदाहरण दे रहे थे लेकिन कांग्रेस के लोगों ने वीडियो से छेड़छाड़ करके ना सिर्फ बाबा साहब का बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान किया है।

# ख्रिस्ट पर्व पर शहर में आकर्षक झांकी सहित निकली भव्य क्रिसमस रैली



राजनांदगांव(दावा)। शहर में शनिवार को ख्रिस्ट जयंती पर्व को लेकर आकर्षक झांकी सहित भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई। रैली का धूमधाम के साथ शहर भ्रमण किया गया। जिसमें वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष डॉ. सुमन लाल सहित शहर के विभिन्न चर्चो प्रमुख व बड़ी संख्या में मसीही अनुयाई शामिल रहे।

बता दें कि शहर सहित पूरे अंचल भर में इन दिनों मसीही धर्म के संस्थापक प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन मनाने की भव्य तैयारियां की जा रही है। शहर के चर्चों को भव्य रुप से सजाया जा रहा है। चर्चों की भव्य साज-सज्जा कर रंग-बिरंगी विद्युत लाइटों से जगमग किया जा रहा है। रेल्वे स्टेशन रोड स्थित वेसलिन मेथोडिस्ट चर्च के समीप व शहर में प्रभु यीशु जयंती से संबंधित सामानों की दुकानें सजी हुई है। जहां लोगों द्वारा खरीदारी की जा रही है।

### गूंज रहा कैरोल गान

इधर देर शाम व रात में क्रिश्चियन समाज के लोगों द्वारा कैरोल गान गाकर प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन का खुशनुमा माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे माहौल में शनिवार को शहर में प्रभु यीशु अनुयाइयों द्वारा भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई वहीं शुक्रवार 19 दिसंबर को एक बड़े वाहन में शांता क्लाज के भव्य यीशु सुसंदेश यात्रा रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में मसीही धर्म के अनुयाईयों ने प्रभु ईसा मसीह का सुसंदेश लोगों तक पहुंचाया। प्रभु यीशु के इस सु-समाचार को सुनने चौक-चौराहों में लोगों की भीड़ रही। इस दौरान रैली का शोभा बढ़ा रहे शांता क्लाज लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रभु ईशु के संदेश रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियां सहित बड़ी संख्या में ईशु अनुयायी उपस्थित रहे।

### क्रिसमस ट्री, शांता क्लाज ड्रेस व रंग-बिरंगी सजावटी सामानों की मांग बढ़ी

### पर्व को लेकर सजी दुकानें

बता दें कि मसीही समुदाय के तारणहार प्रभु यीशु का जन्मदिन पर्व 25 दिसंबर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही है। शहर के रेल्वे स्टेशन रोड स्थित वेसलिन मेथोडिस्ट चर्च के सामने पर्व से संबंधित सामानों की दुकानें सजी हुई। जो हर किसी आने-जाने वाले को आकर्षित कर रहा है। हर साल की तरह क्रिसमस पर्व के सजावटी सामानों का दुकान लगाए सिमरन ट्रेडर्स के व्यवसायी ने बताया कि इस साल बड़े-बड़े क्रिसमस ट्री की ज्यादा मांग बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 5 फीट से लेकर 8 फीट का क्रिसमस ट्री 2 हजार से लेकर 5 हजार रुपए तक है। वहीं नार्मल छोटा साइज का क्रिसमस ट्री 100/50 रुपए से लेकर 150 रुपए कीमत बताई। इसी तरह शांताक्लाज ड्रेस सौ रुपए से चालू होकर 5 सौ से 8 सौ रुपए तक बेचा जा रहा है। शांता क्लाज के मुखौटे 50 रुपए में 100-150 रुपए तक बताया गया वहीं रंग-बिरंगी आकर्षक सितारे, बाल्स आदि 10 रुपए से चालू होकर 500 रुपए तक बेचा जाना बताया।

# सीएमएचओ नवरतन ने किया निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीकृत यूनाईटेड हॉस्पिटल, श्री कृष्णा हॉस्पिटल, जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, समदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों का योजना अंतर्गत नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के शेष 39 हजार 969 हितग्राहियों एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 57 हजार 598 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत् आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने के लिए आवश्यक प्रयास करने कहा गया। जिसके तहत अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के साथ आने वाले परिजनों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन पात्रतानुसार करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. बीएल तुलावी, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड पंजीयन में राजनांदगांव जिला प्रथम स्थान पर है। जिले में योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों से कुल 9 लाख 39 हजार 886 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 8 लाख 82 हजार 288 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया हैं, जो निर्धारत लक्ष्य का 93.87 प्रतिशत है। जिले में शेष 57 हजार 598 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन शीघ्र की कर लिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिला मुख्यालय राजनांदगांव में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 30 निजी चिकित्सालय पंजीकृत हैं। शासन द्वारा योजना अंतर्गत चिकित्सालयों में निर्धारित मापदण्ड तय किए गए है। इसके अनुसार अस्पताल में पंजीकृत चिकित्सालय का बोर्ड अस्पताल प्रवेश द्वार पर या उचित स्थान पर प्रदर्शित करना है। साथ ही अस्पताल परिसर में आयुष्मान कार्ड योजनांतर्गत भर्ती मरीज के अधिकार व दायित्व के संबंध में जानकारी भी प्रदर्शित करना है। शासन द्वारा चिकित्सालय को आयुष्मान भारत योजनातंर्गत जिस सुविधा हेतु अनुमति प्रदाय किया गया है, उसकी सूची एवं सुविधा अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित पैकेज की सूची राशि सहित फलैक्स के रूप में तैयार कर प्रतिक्षा कक्ष में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना है। अस्पताल में भर्ती पूर्व प्रत्येक मरीज व परिजनों से आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता के संबंध में लिखित रूप से जानकारी लेना है। आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में मरीज व परिजनों से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं होने के संबंध में लिखित रूप से सहमति पत्र लेना है। सहमति पत्र मरीज या मरीज के परिजन द्वारा ही लिखा जाना चाहिए अन्यथा सहमति पत्र मान्य नहीं किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड उपलब्ध होने की स्थिति में मरीज के भर्ती होने के बाद 72 घण्टे के भीतर आयुष्मान कार्ड द्वारा पंजीयन करना है। आयुष्मान कार्ड से भर्ती मरीज को पात्रतानुसार 50 हजार रूपए से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क ईलाज प्रदाय किया जाता है। किसी प्रकार से भी अतिरिक्त राशि मरीज व परिजनों से नहीं लिया जाना हैं। ईलाज हेतु ब्लॉक की गई राशि एवं ईलाज पश्चात आयुष्मान कार्ड में शेष बीमा कवर राशि की जानकारी मरीज व परिजनों को अनिवार्य रूप से दिया जाना हैं। अस्पताल में मरीज के भर्ती होनें पर भोजन एवं छुट्टी होने के समय दवाई निःशुल्क दिया जाना हैं।

# जुआड़ियों पर पुलिस की कार्यवाही, नगदी 12050 रु. जप्त

### डोंगरगढ़ में न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में जमी थी फड़



डोंगरगढ़(दावा)। आज 20 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर कुछ जुआड़ियान को न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में रूपये पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अपने तेजी एवं स्फुर्ति के साथ चौकन्ने घेराबंदी कर न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे जुआरी गुरदीप सिंग भाटिया पिता प्रताप सिंग भाटिया उम्र- 39 साल निवासी राधिका नगर, हरमीत सिंग भाटिया पिता वीरसिंह भाटिया उम्र- 46 साल, निवासी बुधवारी पारा, इन्द्रजीत सिंग भाटिया पिता स्व. केशर सिंह भाटिया उम्र 59 साल निवासी बुधवारी पारा एवं तरूण टेम्भुरकर पिता स्व. बालकृष्ण टेम्भुरकर उम्र 35 साल, निवासी राजीव नगर को पकड़ा गया। रेड कार्यवाही दौरान मौके से नगदी रकम 12050 रू. एवं 52 पत्ती ताश को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा 3 एवं 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आरक्षक नवीन क्षत्रिय, आरक्षक प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख, योगेश साहू, ओमप्रकाश साहू एवं चमन साहू का विशेष योगदान रहा है।


# वनांचल क्षेत्रों में विगत 10 वर्षो से सेवा कार्य कर रहे



### ठंड में बांट रहे है बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो को शाल, स्वेटर, ऊनी टोपी कम्बल और साड़ियां

राजनांदगांव (दावा)। सेवा कार्य के साथ समय-समय पर क्षेत्र के विकास कार्य के लिए शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण सर्दी के मौसम में ठिठुरन भरी ठंड से बचाव के लिए शहर की सेवाभावी संस्था पाताल भैरवी मंदिर समिति बर्फानी धाम के अध्यक्ष राजेश मारू और पत्रकार कमलेश सिमनकर पिछले 10 वर्षो से लगातार अतिसंवेदनशील क्षेत्र माओवादी प्रभावित क्षेत्र के आदिवासियों को राहत पहुँचाने का कार्य कर रहे है। माओवादी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र में वहां के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो को शाल, गर्म कपड़े, ऊनी टोपी, कम्बल और साड़ियां बांट रहे है। आज भी इन वनांचल क्षेत्रों में पहुंचविहीन मार्ग है, जहां शासन-प्रशासन विशेष अवसरों पर ही पहुंच पाता है।

सेवाभावी संस्था द्वारा अभी तक दर्जन भर गांवों तक पहुँचकर वहां के लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल और अन्य गर्म कपड़े और सामग्री उपलब्ध करवा चुके है। संस्था का उद्देश्य उन गांवों तक पहुंचकर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण करना भी रहता है, जिससे उस क्षेत्र और वहां के लोगों का विकास हो सकें। फिर चाहे उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी या शिक्षा का अभाव हो। प्रशासन भी हमारे समाचार के माध्यम से उन गांवों तक पहुंच रही है और उन गांवों का तेजी से विकास कार्य भी कर रही है। इस पुनीत कार्य मे समाजसेवी आकाश दास का सहयोग मिला साथ ही। हिम्मत पवार, संजय अग्रवाल, रोशन ठाकुर और क्षेत्र के बशीर खान ने सहयोग किया।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेन्स/सेल्टोस/क्रेटा, ... पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्स :-

सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

**प्लॉट बेचना है**

राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट

रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध

-: संपर्क :-
62641-56342





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com